

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,शुक्रवार 22 नवंबर 2024 ■ मार्गशीर्ष पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-232 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 23 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## मुठभेड़ में 10 नक्सली ढेर

### 3 ऑटोमेटिक गन सहित कई हथियार बरामद

**सुकमा,22 नवंबर।** कोंटा के भेज्जी इलाके में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड़ में जवानों को बड़ी कामयाबी मिली है. सुरक्षाबल के जवानों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया है. वहीं मौके से 3 ऑटोमेटिक गन सहित कई हथियार बरामद किए गए है. इसकी पुष्टि DIG कमलोचन कश्यप ने की है. बता दें कि गुरुवार को ओडिशा के रास्ते बड़ी संख्या में नक्सलियों के छत्तीसगढ़ की सीमा में प्रवेश करने की सूचना मिली थी, जिसके बाद DRG की टीम नक्सलियों के घेराबंदी के लिए रवाना हुई थी. शुक्रवार को सुबह सुबह कोंटा के भेज्जी इलाके में नक्सलियों की मुठभेड़ स्रहद्द के जवानों के साथ हुई है, जिसमें जवानों ने 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया है. इलाके में फिलहाल सर्चिंग अभियान जारी है. बता दें कि गुरुवार को ओडिशा के रास्ते बड़ी संख्या में नक्सलियों के छत्तीसगढ़ की सीमा में प्रवेश करने की सूचना मिली थी, जिसके बाद DRG की टीम नक्सलियों के घेराबंदी के लिए रवाना हुई थी.

**बस्तर में लौटा शांति, विकास और प्रगति का दौर: सीएम**-सुरक्षाबलों को मिली कामयाबी पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवानों को बधाई दी है. सीएम साय ने सुरक्षाबलों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार नक्सलवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है. उन्होंने कहा कि बस्तर में विकास, शांति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. बस्तर में शांति, विकास और प्रगति का दौर लौट आया है. उन्होंने सुरक्षाबलों को उनके अदम्य साहस और समर्पण के लिए बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया निश्चित है. उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलियों के सफ़ाये के लक्ष्य रखा है, जिसकी पूर्ति की दिशा में हम सुनियोजित तरीके से आगे बढ़ रहे है.

**उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा** ने बहादुर जवानों को सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा है कि माओवाद अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। पिछले 11 महीने 210 से अधिक नक्सली मारे गये हैं। 800 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। 900 से अधिक नक्सलियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## करवट बदलते प्रत्याशियों की कटेगी रात

### रायपुर के सेजबहार कॉलेज में 23 को सुबह 8 बजे से 60 कर्मचारी करेंगे वोटों की गिनती

**रायपुर,22 नवंबर।** दक्षिण के उपचुनाव के लिए मतगणना की तैयारियां की जा रही हैं। कल सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में होने वाली मतगणना के लिए कुल 15 टेबल लगाए जाएंगे। जिनमें से एक टेबल पोस्टल बैलेट के लिए आरक्षित रहेगा, जबकि अन्य 14 टेबलों पर मशीनों से गिनती की जाएगी। पूरी मतगणना 19 राउंडों में होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट से गिनती की शुरुआत सुबह आठ बजे से होगी। इसके बाद 8.30 बजे से ईवीएम मशीनों से गिनती शुरू की जाएगी। वहीं, इस पूरी प्रक्रिया में लगभग पांच सौ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें प्रत्येक टेबल पर चार कर्मचारियों के हिसाब से 60 कर्मचारियों की ड्यूटी मतगणना स्थल के अंदर रहेगी, जबकि सुरक्षाकर्मी सहित अन्य स्टाफ मतगणना हाल के बाहर मोर्चा संभालेंगे। 19 राउंडों में होने वाली इस मतगणना में शाम पांच से छह बजे तक नतीजे आने की संभावना जताई जा रही है। इससे पूर्व मंगलवार को सभी मतगणना दलों को प्रशिक्षण दिया गया और इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से लेकर अन्य प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

- 500 कर्मचारियों की मतगणना स्थल पर लगाई ड्यूटी।
- 15 टेबलों पर वोटों की गिनती की जाएगी।
- 14 टेबलों पर ईवीएम से होगी वोटों की गिनती।
- 1 टेबल पर पोस्टल बैलेट की गिनती होगी।
- 4 कर्मचारी हर मतगणना टेबल पर रहेंगे मौजूद।
- हर राउंड के बाद टेबुलेशन चार्ट पर एजेंटों के हस्ताक्षर : कलेक्टर

मंगलवार को मतगणना को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा गौरव सिंह ने कहा कि हर राउंड के बाद राजनैतिक अभिकर्ता के टेबुलेशन चार्ट पर अवश्य हस्ताक्षर लें। मतगणना कार्य



संवेदनशील है और बहुत ही सावधानीपूर्वक इस कार्य का क्रियान्वित करें। संयुक्त निर्वाचन पदाधिकारी पीएस ध्रुव ने कहा कि सभी कर्मचारी बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करें। साथ ही मतगणना का कार्य कुशलतापूर्वक किया जाए। प्रशिक्षण की बारिकियों को समझा जाए और उसी के अनुरूप कार्य किया जाए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, रिटर्निंग आफिसर पुष्पेंद्र शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## संक्षेप

### बिलासपुर का प्लांट खराब,रेल नीर की सप्लाई होगी बाधित

**बिलासपुर,22 नवंबर।** स्थित रेल नीर का प्लांट कुछ महीनों के लिए बंद करने की तैयारी है! ऐसा इसलिए क्योंकि प्लांट संचालन का टेंडर अचनाक छोड़ने की जानकारी सामने आई है. IRCTC के सूत्रों के मुताबिक प्लांट का संचालन कोलकाता की एक कंपनी करती थी. लेकिन उन्होंने टेंडर छोड़ने की बात कही है. जिसके बाद कोई नया टेंडर नहीं किया गया है. सूत्रों के मुताबिक यदि समय पर टेंडर नहीं हुआ तो प्लांट कुछ महीनों के लिए बंद हो सकता है. सूत्रों के मुताबिक इस प्लांट से करीब 5000 से 6000 पेटी रेल नीर के पानी की सप्लाई दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन और आस-पास के जोन में होती है. इस प्लांट में करीब 50 से अधिक स्टॉफ मौजूद है, वे भी प्लांट बंद होने से चिंतित नजर आ रहे है. प्लांट के स्टॉफ ने इस संबंध में कई बार आईआरसीटीसी के अधिकारी और रेलवे के अधिकारियों से बातचीत की. लेकिन उन्हें कही से कोई जानकारी नहीं मिली, कि प्लांट के संचालन का नया टेंडर कब होगा.

### सड़क हादसा, कार सवार 5 लोगों की मौत

**उदयपुर ,22 नवंबर।** राजस्थान के उदयपुर जिले में देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमें कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई है। उदयपुर जिले के सुखेर थाना क्षेत्र के अंबेरी में गुरुवार रात को एक बड़ा हादसा हुआ, जिसमें पांच युवकों की जान चली गई। यह हादसा रात करीब 12 बजे हुआ, जब अंबेरी से देबारी की तरफ जा रही एक कार गलत लेन में आकर ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार सवार सभी पांच युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उनकी मौत हो गई। हादसे के समय कार के ड्राइवर ने इसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसे पर्याप्त जगह नहीं मिल पाई और वह सीधे ट्रक से टकरा गया। इसके परिणामस्वरूप कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार सभी पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में हेड कांस्टेबल का बेटा भी शामिल है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दिल्ली में ठंड बढ़ी

**नई दिल्ली ,22 नवंबर।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राष्टीय राजधानी में शुक्रवार को हल्का कोहरा रहने का अनुमान जताया। आईएमडी के अधिकारियों ने बताया कि अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। दिल्ली एनसीआर में ठंड बढ़ रही है। तापमान में भी लगातार गिरावट जारी है। गुरुवार को 10.2 डिग्री सेल्सियस के साथ इस मौसम की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, बुधवार रात का तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि मंगलवार रात न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस मौसम का अब तक का दूसरा और तीसरा सबसे कम तापमान रहा।

## प्रदेश से नक्सलवाद का खात्मा ही डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य है: महेश कश्यप

**जगदलपुर,22 नवंबर।** बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने सुकमा जिले के कोंटा क्षेत्र के भेज्जी इलाके में पुलिस - नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के मारे जाने पर खुशी जाहिर की है। श्री कश्यप ने कहा कि जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है। उनके हौसले और अदम्य साहस को नमन करता हू। शुक्रवार को बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने नक्सलवाद के खिलाफचलाये जा रहे केंद्र व राज्य सरकार के अभियान को मिल रही सफ्लता पर प्रतिक्रिया दिया है। लाल आतंक पर भेज्जी में हुए एक बड़ी कार्रवाई के बाद सांसद ने केन्द्र व राज्य सरकार का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि देश - छत्तीसगढ़ व बस्तर से नक्सलवाद व नक्सलवाद के विचार को उखाड़ फेंकने की ओर डबल इंजन की भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। देश के यशस्वी गृहमंत्री श्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन एवम मॉनिटरिंग में हमारे देश के जवान नक्सलियों के गढ़ में जा कर उनके घर में घुसकर उन्हें ढेर कर रहे है। बस्तर संभाग के दूरस्थ अंचलों में बसे हमारे भोले - भाले आदिवासी भाइयों - बहनों को डरा धमकाकर माओवाद मानसिकता की जाल में झोंककर उन्हें हथियार पकडाने का कार्य किया जाता था। आज स्थिति बदल चुकी हैं। डबल इंजन सरकार के राज में हमारे आदिवासी भाई - बहन पुलिस भर्ती में अधिक संख्या में उत्साह के साथ शामिल हो कर पुलिस का हथियार थामने की ओर अग्रसर है। प्रदेश से नक्सलवाद का खात्मा ही डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य है।



## नागपुर से रायपुर ट्रेन से आएंगे रेल मंत्री

**रायपुर,22 नवंबर।** रेल मंत्री अश्वनी वैष्णो रायपुर आने वाले है. रेल मंत्री नागपुर से रायपुर ट्रेन से पहुंचेंगे. इस कार्यक्रम की आधिकारिक पुष्टि हो गई है और आज सुबह ही उनका पूरा शेड्यूल जारी किया गया है. शेड्यूल के मुताबिक 24 नवंबर को वे दिल्ली से नागपुर के लिए रात 8 बजकर 10 मिनट पर रवाना होंगे. वे नागपुर रात 9.40 बजे पहुंच जाएंगे. इसके बाद वे नागपुर में ही रात्रि विश्राम करेंगे. अगले दिन 25 नवंबर को वो सुबह 8 बजे आयोजित एसटी-एससी एसोसिएशन के वार्षिक कार्यक्रम में शामिल होंगे. इसके बाद वे सुबह 9.50 बजे नागपुर से ट्रेन से रायपुर के लिए ट्रेन से रवाना होंगे. हालांकि ये स्पष्ट नहीं हो सका है कि ये विंडो ट्रेलिंग इंस्पेक्शन है या वे ट्रेन में यात्रियों से बातचीत करेंगे. क्योंकि जिस ट्रेन से वे रायपुर जा रहे उसे नागपुर से रायपुर पहुंचने में मजह 4 घंटे लगेंगे. रेल मंत्रालय से जारी शेड्यूल के मुतबिक वे 1.15 बजे रायपुर पहुंचेंगे और यहां से 2.15 बजे फ्लाइट से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे. रेल मंत्री के इस कार्यक्रम की सूचना बाद जीएम और आरपीएफ आईजी समेत तमाम अधिकारियों ने नागपुर जाने की तैयारी शुरू कर ली है, वहीं रायपुर रेल मंडल ने भी रेलवे स्टेशन में सफाई और बाकी तैयारियों के निर्देश दे दिए है.



### नड्डा ने मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखा पत्र

**नई दिल्ली ,22 नवंबर ।** भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मणिपुर हिंसा पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखे गए पत्र पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की। नड्डा ने खड़गे को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि मणिपुर संकट पर कांग्रेस राजनीति कर रही है।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को नमस्कार करते हुए लिखा कि इस साल की शुरुआत में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर में हिंसा के मुद्दे पर बात कर रहे थे, तब आपने और

## सरकार शराब परोसने लगे तो कैसे कर पाएंगे राम राज की कल्पना: भगत

**रायपुर,22 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने आज मीडिया से बातचीत में प्रदेश में शराब बंदी को लेकर सरकार के राम राज की परिकल्पना पर सवाल खड़े कर दिए हैं. उन्होंने कहा कि राम राज्य की परिकल्पना यह नहीं है. राम राज्य की परिकल्पना यह है कि भय मुक्त शासन चले. शराब परोसने की व्यवस्था पर रोक लगनी चाहिए. अगर सरकार शराब परोसने लगे, तो कौन रोकेगा? राम राज्य की परिकल्पना को आगे बढ़ाने का काम धरातल पर करना चाहिए. जहां नशे का कारोबार बढ़ेगा तब अपराध भी बढ़ेंगे. उन्होंने धर्मांतरण को लेकर सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि राजनीति में संवैधानिक व्यवस्था के तहत कानून बने हैं. भारत धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है, सबको पूजा विधि मानने का संवैधानिक अधिकार है. अगर कोई कानून को तोड़ता है, तो उनके खिलाफ कार्रवाई होने चाहिए. सरकार बहुत सारी बातें बोलती है लेकिन करती नहीं है. लोगों की भावनाओं को अपने पक्ष में करने बातें बोलते रहती है. इन दिनों प्रदेश में धान खरीदी का दौर जारी है. इसे लेकर भी पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने राज्य सरकार को घेरा है. उन्होंने राज्य सरकार पर धान खरीदी की कालाबाजारी करने के आरोप लगाए है. पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि कई धान खरीदी केंद्रों में अब तक बोहनी नहीं हुई. एक लिमिट टाइम में कैसे खरीदी और तौलाई होगा. धान खरीदी में इससे कालाबाजारी की संभावना बढ़ जाती है. खेल में माहिर बिचौलिये धान खपाने की कोशिश कर रहे हैं. राज्य सरकार का मॉनिटरिंग सिस्टम फेल है. एक से 14 नवंबर तक लोगों को स्टॉक करने का कारण मिल गया है. राज्य सरकार ने इसमें कोई कार्रवाई नहीं की है. स्टॉक का ना कोई वेरिफिकेशन हुआ, ना जांच हुई. दूसरे राज्यों से जो धान आते हैं, उसे रोकने के लिए सुरक्षा होनी चाहिए. सरकार की नीति प्रदेश के किसानों के लिए है, इसका हक दूसरे के प्रदेश के लोग ना मारें.छत्तीसगढ़ में लगातार सामने आ रहे आपराधिक घटनाओं को लेकर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने राज्य की साय सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार की जवाबदारी कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने की है. सरगुजा से बस्तर, मध्य क्षेत्र, राजधानी में हर दिन घटना हो रही है. घटनाओं से लोग चिंतित है और अपराधियों के हौसले बुलंद है. सरकार को नए सिरे से समीक्षा करने की जरूरत है. लोगों को लगना चाहिए कि सरकार उनकी सुरक्षा के लिए चिंतित है. अपराध के नए नए तरीकों पर रोक लगाना जरूरी है. बता दें 13 नवंबर को रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए वोटिंग हुई. इससे पहले कांग्रेस ने ईवीएम पर सवाल खड़े किए थे.



## इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी

**यरुशलम,22 नवंबर।** इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी हुआ है। नेतन्याहू और उनके रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। दोनों के खिलाफ यह वारंट गाजा और लेबनान में संघर्ष के दौरान किए गए युद्ध अपराधों के लिए जारी किया है। हेग स्थित विश्व न्यायालय के इस फैसले का इजरायल ने विरोध किया है। इजरायल ने द्धष्टष्ट की ओर से अपने नेताओं पर लगाए आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा फैसला द्धष्टष्ट के क्षेत्राधिकार में नहीं आता। नेतन्याहू ने भी इस फैसले की निंदा की है। ICC ने नेतन्याहू और पूर्व इजरायली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट पर मानवता के विरुद्ध अपराध करने का आरोप लगाया है। इसमें हत्या, उत्पीड़न और अमानवीय कृत्य शामिल हैं, साथ ही युद्ध के तरीके के रूप में भुखमरी का युद्ध अपराध भी शामिल है। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने हमास के सैन्य प्रमुख मोहम्मद डेफ को भी युद्ध का अपराधी बताते हुए उसकी गिरफ्तारी का आदेश दिया है। एक आधिकारिक बयान में विश्व न्यायालय ने कहा कि ÷चैंबर ने दो व्यक्तियों, बेंजामिन नेतन्याहू और योआव गैलेंट को युद्ध अपराधों के लिए जिम्मेदार मानते हुए यह वारंट जारी किया है।

**बेंजामिन नेतन्याहू ने दी प्रतिक्रिया**-मामले में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आईसीसी के फैसले के कुछ घंटे बाद अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो मैसेज में कहा, ÷हेग में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का यहूदी विरोधी फैसला एक आधुनिक ड्रेफस मुकदमा है और इसका अंत भी उसी तरह होगा। आईसीसी पर हमला करते हुए नेतन्याहू ने अपने वीडियो संदेश में जिस ड्रेफस मुकदमे का जिक्र किया, वह एक राजनीतिक और न्यायिक घोटाला था जो 1894 और 1906 के बीच फ्रांस में हुआ था.

## ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को जारी किया नोटिस

**लखनऊ,22 नवंबर।** ज्ञानवापी मामला- एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में कथित शिवलिंग का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने की मांग वाली याचिका पर मुस्लिम पक्ष को नोटिस जारी किया। यह याचिका हिंदू पक्ष की ओर से कोर्ट में दाखिल की गई थी। इस पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ज्ञानवापी मामले में वाराणसी की निचली अदालत में चल रहे सभी 15 मामलों को हाईकोर्ट में स्थानांतरित करने की हिंदू पक्ष की मांग पर सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष मामला पेश करते हुए हिंदू पक्ष के वकील ने कहा कि कुछ याचिकाएं जिला जज और कुछ सिविल जज के समक्ष हैं। ऐसे में एक ही मामले पर अलग-अलग कोर्ट से अलग-अलग आदेश आ रहे हैं। इसलिए हमारी मांग है कि ज्ञानवापी से जुड़ी सभी याचिकाओं को एक साथ जोड़कर इलाहाबाद हाईकोर्ट में तीन जजों की बेंच के समक्ष स्थानांतरित किया जाए। मुस्लिम पक्ष के वकील ने कहा कि हिंदू पक्ष वुजुखाना के सील किए गए इलाके का एएसआई सर्वे चाहता है। जिला कोर्ट ने इस मांग को खारिज कर दिया था, जिसके बाद हाईकोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी।

## भारत की फटकार के बाद जस्टिन टूडो बोले- भारत या मोदी के खिलाफ कोई सबूत नहीं

**नई दिल्ली,22 नवंबर।** कनाडा की जस्टिन टूड सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को कनाडा में किसी भी आपराधिक घटना से जोड़ने से साफ इनकार कर दिया. कनाडा के प्रधानमंत्री की राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया सलाहकार नथाली जी ड्रोइन ने एक बयान में कहा. कनाडा सरकार ने मोदी, मंत्री जयशंकर या NSA डोभाल को कनाडा के भीतर गंभीर आपराधिक गतिविधि से जोड़ने का कोई सबूत नहीं दिया है और न ही उसे इसकी जानकारी है, यह बयान तब आया है जब कनाडा सरकार ने कुछ मीडिया रिपोर्ट्स और विपक्षी दलों को इन भारतीय नेताओं को कनाडा में आपराधिक गतिविधियों से जोड़ने की कोशिश की थी. यह भी सरकार ने स्पष्ट किया कि इन आरोपों पर कोई ठोस प्रमाण नहीं है. उन्होंने ऐसे आरोपों से बचने का आह्वान किया है जो द्विपक्षीय संबंधों को खराब कर सकते हैं. उससे पहले, भारत ने बुधवार को कनाडाई मीडिया को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की कथित साजिश से परिचित होने का दावा करते हुए इसकी कड़ी भर्त्सना की. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक अज्ञात अधिकारी के हवाले से दी गई खबर का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे हास्यास्पद बयानों को उसी तरह से खारिज कर दिया जाना चाहिए जिसके वे हकदार हैं.उन्होंने कहा, ''आम तौर पर हम मीडिया की खबर पर टिप्पणी नहीं करते . हालांकि, कनाडा सरकार के एक सूत्र द्वारा कथित तौर पर किसी अखबार को दिए गए ऐसे हास्यास्पद बयानों को खारिज किया जाना चाहिए.''



## अमेरिका-ब्रिटेन पर भी कर देंगे हमला

**यूक्रेन की मदद पर भड़के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन**

**मास्को,22 नवंबर।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका और ब्रिटेन पर हमले की धमकी दे दी है। यूक्रेन रूस के खिलाफ अमेरिका और ब्रिटेन की मिसाइलों का इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे में रूस ने भी धमकी दी है कि वह इन देशों के खिलाफ बलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल करेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक टीवी पर संबोधन के दौरान पुतिन ने कहा कि जो लोग यूक्रेन की मदद कर रहे हैं, उनपर भी बड़ा हमला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की चेतावनी पहले ही जारी कर दी जाएगी। पुतिन ने टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में कहा कि बृहस्पतिवार को यूक्रेन पर किया गया रूसी हमला, इस हफ्ते की शुरूआत में अमेरिकी और ब्रिटिश मिसाइलों से रूसी क्षेत्र पर किये गए यूक्रेन के हमलों के जवाब में किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिकी वायु रक्षा प्रणाली रूसी मिसाइलों को रोकने में सक्षम नहीं होगी। यूक्रेन ने गुरुवार को दावा किया कि रूस ने रात में उसके एक शहर पर अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागी। वहीं, अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि प्रारंभिक आकलन से संकेत मिलता है कि यह हमला मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल से किया गया था। यूक्रेन ने कहा कि आठ अन्य मिसाइलों के साथ निप्रो शहर पर एक अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई.

## जम्मू में कश्मीरी पंडितों की दुकानों पर बुलडोजर एक्शन से बवाल

**जम्मू,22 नवंबर।** विस्थापित कश्मीरी पंडितों की दुकानों पर जम्मू में बुलडोजर चलाए जाने से स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क गया है। यह ऐक्शन उन कश्मीरी पंडितों पर हुआ है, जो तीन दशक पहले घाटी से विस्थापित होकर यहां आए थे और छोटे-मोटे कारोबार कर रहे थे। इन लोगों की दुकानें जमींदोज किए जाने से लोग भड़क गए हैं और अब प्रशासन को भी झुकना पड़ा है। लोगों ने अधिकारियों के खिलाफ ऐक्शन की मांग की है और ऐतराज के बाद वहां रिलीफ कमिश्नर अरविंद करवानी पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमने हालात का जायजा लिया है और पीड़ितों की मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्दी ही नई दुकानें कश्मीरी पंडित परिवारों को दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि ये दुकानें जम्मू विकास प्राधिकरण की जमीन पर बनी थीं। यहां पर शॉपिंग कॉम्पलेक्स बनाने के लिए टेंडर जारी किया गया है और जल्दी ही यहां 10 दुकानें बनाई जाएंगी। इन दुकानों को कश्मीरी पंडित परिवारों को दिया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि दुकानें हटाए जाने पर हो रहा विरोध गलत है क्योंकि कश्मीरी पंडितों से इसे लेकर मंजूरी ली गई थी। रिलीफ कमिश्नर ने कहा कि इन लोगों को तीन महीने का समय दिया गया था। इन लोगों ने दुकानों को खुद नहीं हटाया तो फिर प्राधिकरण की ओर से ऐक्शन लिया गया। हालांकि इस मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। भाजपा, पीडीपी, अपनी पार्टी समेत कई कश्मीरी पंडित संगठनों ने भी आलोचना की है। इन संगठनों का कहना है कि जल्दी ही नई दुकानें बनाकर दी जाएं ताकि कश्मीरी पंडित परिवारों की आजीविका प्रभावित न हो सके। उमर अब्दुल्ला सरकार पर हमला बोलते हुए एक कश्मीरी पंडित दुकानदार कुलदीप किसरू ने कहा, हमें बेहतर सुविधाएं या आर्थिक मदद देने की बजाय यह सरकार हमारी दुकानों पर बुलडोजर चलाकर आजीविका का सहारा भी छीन रही है। एक अन्य दुकानदार जव लाल भट्ट ने कहा कि हम तो इन दुकानों के ही भरोसे थे। अब कैसे हम अपने परिवारों का भरण-पोषण कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि हमारी एलजी और सीएम साहब से अपील है कि मामले में दखल दें। एक अन्य दुकानदार जवाहर लाल ने कहा कि यह तो गुंडागर्दी है। हमें कोई नोटिस नहीं दिया गया और अचानक ही इस तरह दुकानें ढहा दी गईं। वहीं कश्मीरी पंडितों के एक नेता ने कहा कि रिलीफ डिपार्टमेंट दुकानें तैयार करा रहा है। इसलिए ऐक्शन करने में कुछ देरी करनी चाहिए थी ताकि नई दुकानों में शिफ्ट होने का वक्त मिल सके। अब सवाल है कि नई दुकानें मिलने तक ये लोग कैसे अपना बिजनेस कर सकेंगे। पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने भी इस मामले में ट्वीट किया है और उमर अब्दुल्ला से ऐक्शन की अपील की है।



## अडानी को एक और बड़ा झटका, कीनिया ने 6000 करोड़ की डील कर दी कैंसिल

**नई दिल्ली,22 नवंबर।** अमेरिका में ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट विवाद के बाद ईस्ट अफ्रीकन देश कीनिया ने अडानी ग्रुप को बड़ा झटका दिया है। कीनिया ने अडानी ग्रुप के साथ एक बड़ी एनर्जी डील की थी। जिसे अब कैंसिल कर दिया गया है। दरअसल, अडानी एनर्जी सॉल्यूशन ने इसी साल अक्टूबर में कीनिया इलेक्ट्रिकल ट्रांसमिशन कंपनी के साथ एक डील साइन की थी। एक समझौता किया था। ये समझौता तीस साल के लिए हुआ था। आपको बता दें कि अडानी ग्रुप पर हाल ही में अमेरिका में घूसखोरी के गंभीर आरोप लगे हैं। माना जा रहा है कि इन आरोपों के बाद कीनिया सरकार ने ये कदम उठाया है। पहले अमेरिका में कोर्ट में ये मामला गया। ये आरोप लगे कि उन्होंने यहां पर कॉन्ट्रैक्ट पाने के लिए रिश्वत दी है। जिसके बाद अब केनिया सरकार ने अडानी ग्रुप के साथ 6 हजार करोड़ की पावर ट्रांसमिशन डील को रद्द कर दिया। इस प्रोजेक्ट के तहत अडानी ग्रुप कीनिया में पावर ट्रांसमिशन लाइंस का निर्माण करने वाली थी। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने कहा कि उन्होंने संबंधित एजेंसियों को नैरोबी के जोमो केन्याटा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (जेकेआईए) और अडानी समूह के साथ एक राज्य के स्वामित्व वाली बिजली सेवा से संबंधित चल रही खरीद प्रक्रिया को तुरंत रद्द करने का निर्देश दिया है। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्र के नाम संबोधन में रुतो ने कहा कि यह निर्णय हमारी जांच एजेंसियों और साझेदार देशों द्वारा प्रदान की गई नई जानकारी के आधार पर लिया गया है। हालांकि, उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका का नाम नहीं लिया। भ्रष्टाचार पर निर्विवाद सबूत या विश्वसनीय जानकारी मिलने पर मैं निर्णायक कार्रवाई करने में संकोच नहीं करूंगा। अडानी समूह एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में था, जो नैरोबी में केन्या के मुख्य हवाई अड्डे का आधुनिकीकरण करने वाला था। इसके अंतर्गत एक अतिरिक्त रनवे और टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा, जिसके बदले में समूह 30 वर्षों तक हवाई अड्डे को चलाया जाना था।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रत्येक वर्ग की समस्याओं से हैं भलीभांति परिचित,बनाई जा रही योजनाएं:आर्य

**भिलाई, 22 नवंबर।** शिक्षा ही एकमात्र माध्यम है जो आदिवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाएगा। इसीलिए प्रत्येक आदिवासी ब्लॉक में 4 से 5 एकलव्य आदिवासी आश्रम होने चाहिए। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग शीघ्र ही आदिवासी वर्ग के लिए युवा संवाद एवं जन संवाद का कार्यक्रम नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के साथ आयोजित करेगा। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान दुर्ग जिले के भिलाई में आयोजित प्रेस वार्ता में कही । राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या ने कहा कि 13 मार्च को देश के राष्ट्रपति के द्वारा उन्हें राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष की शपथ दिलाई थी उसके बाद से ही वह पूरे देश के दौरे पर है। जिससे कि आदिवासियों तक भारत सरकार की योजना सीधे पहुंच रही है अथवा नहीं इसकी समीक्षा कर रहे हैं । छत्तीसगढ़ के भिलाई इस्पात संयंत्र में भी हजारों की संख्या में आदिवासियों को रोजगार प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जमीन से जुड़े हुए हैं और वह प्रत्येक वर्ग की समस्याओं से भली भांति परिचित हैं। विशेष पिछड़ी आदिवासी वर्ग के लिए जनमन योजना बनाई गई है। विशेष कर बैगा आदिवासियों के लिए यह योजना लागू की गई है। धरातल पर जाकर हमने इस योजना की समीक्षा भी की है विशेष कर मध्य प्रदेश के डिंडोरी एवं मंडला क्षेत्र में इस योजना के तहत कार्य हो रहे हैं। आदिवासी वर्ग के विकास के लिए उनका पूरा फोकस है विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में युवाओं से उनके द्वारा संवाद भी किया जा रहा है और जनवरी 2025 में दिल्ली में 5000 आदिवासी युवाओं के साथ युवा संवाद कार्यक्रम आयोजन की योजना बना रहे हैं जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह करेंगे कि वह आदिवासी युवाओं के साथ सीधे संवाद करें ताकि उनका भी विकास हो सके एवं उन्हें रोजगार प्राप्त हो सके।



## अयोध्या से रामलला के दर्शन कर लौटे श्रद्धालुओं का डिप्टी सीएम ने किया सम्मान



**कवर्धा, 22 नवंबर।** अयोध्या से रामलला के दर्शन कर वापस लौटे श्रद्धालुओं का डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया । नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण साहू , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल , जिला बीजेपी उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी , जिला बीजेपी उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल , कवर्धा शहर बीजेपी अध्यक्ष चंद्रवंशी , राम विलास चंद्रवंशी सहित बीजेपी कार्यकर्ता ओर शहर के निवासी उपस्थित रहे ।

## एक नजर

### आरोपी की अस्पताल में मौत

**भिलाई,22 नवंबर।** लूट के मामले में स्मृति नगर चौकी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजे गए आरोपित पिंटू नेताम की गुरुवार को शाम के आंबेडकर अस्पताल रायपुर में मौत हो गई। पिंटू नेताम की स्थिति गंभीर होने की जानकारी लगने पर उसके स्वजनों और मोहल्ले के कुछ लोगों ने बुधवारे की शाम को स्मृति नगर चौकी पहुंचकर काफी बवाल किया था चौकी पर पथराव कर गेट को तोड़ दिया था स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को भी हल्का बल प्रयोग करना पड़ा था। पुलिस ने चौकी में बवाल करने वाले दर्जन भर से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है बता दें कि करीब दो महीने पहले स्मृति नगर चौकी पुलिस ने डेरा बस्ती फरीद नगर निवासी पिंटू नेताम सहित तीन लोगों को लूट के मामले में गिरफ्तार किया था पिंटू केंद्रीय जेल दुर्ग में बंद था प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पिंटू के मस्तिष्क में आक्सीजन न पहुंचने के कारण उसकी तबीयत बिगड़ी थी लेकिन अब पोस्टमार्टम के बाद ही उसके मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा हंगामा करने वालों पर जुर्म दर्ज वहीं बुधवार की शाम को स्मृति नगर चौकी पहुंचकर बवाल करने वाले दर्जन भर से अधिक लोगों के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी की गई। आरोपितों के खिलाफ लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, बीएनएस के शासकीय कार्य में बाधा, शासकीय सेवक से मारपीट, गाली गलौज आदि धाराओं के तहत प्राथमिकी की गई है इस मामले में अभी तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं की गई है ।



### प्रेमी ने खुदकुशी कर ली

**भिलाई,22 नवंबर।** भिलाई कांकेर जिले के चारामा में अपनी प्रेमिका की हत्या कर फरार हुए प्रेमी युवक ने भी आखिरकार फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली रानीतराई क्षेत्र के कुर्मी गांव में पेड़ में फांसी पर लटका मिला पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर लिया है रानीतराई पुलिस ने बताया कि सुबह उन्हें सूचना मिली थी कि एक युवक का शव रानी तरई के खार में एक पेड़ से लटका हुआ है। पुलिस मौके पहुंची तो देखा कि युवक ने गमछे के सहारे पेड़ पर चढ़कर फांसी लगाकर खुदकुशी की है पुलिस ने सभी लोगों के सामने शव को नीचे उतारा पंचनामा कार्रवाई के दौरान मृतक की पहचान दीपचंद देवांगन (31 साल ) निवासी चरामा के रूप में हुई जब उसके जेब की तलाशी ली गई तो उसमें से ड्राइविंग लाइसेंस और एक बुलेट की आरसी मिली इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया पुलिस की जांच में यह पता चला है कि दीपचंद देवांगन आदतन शराबी था। उसने 17 नवंबर को चारामा क्षेत्र में अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी थी। उसके बाद वह वहां से बुलेट लेकर फरार हो गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी 17 नवंबर की रात पास के कुरुद क्षेत्र में अपनी ससुराल में रहा इसके बाद अगली सुबह 18 को वहां से निकल गया और रानीतरई आया इसके बाद यहां जमकर शराब पी 19 नवंबर की रात वह एक खेत (खार) के पास गया और पेड़ में चढ़कर फांसी लगा ली इसके बाद 20 नवंबर की सुबह उसकी लाश को देखा गया वहीं पुलिस ने मृतक दीपचंद की बुलेट रानी तरई में बाजार पारा क्षेत्र से जब्त की ।

### दो तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे



**भिलाई,22 नवंबर।** भिलाई पंजाब से हेरोईन (चिट्टा) लाकर भिलाई में खपाने वाले दो तस्करों को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपितों के पास से कुल 14 ग्राम चिट्टा जब्त किया गया है पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा है। एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि कैंप-1 वृंदा नगर निवासी आरोपित बब्बलू अली (40) और संग्राम चौक हनुमान मंदिर के पास कैंप-1निवासी हरपाल सिंह (24) को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपित पंजाब से चिट्टा लाकर यहां पर नशेड़ियों को बेचते थे आरोपित बब्बू अली हत्या के मामले में भी जेल जा चुका है।

### चाकूबाजों को पकड़ने नई पहल

**भिलाई,22 नवंबर।** भिलाई दुर्ग पुलिस ने चाकूबाजों और कटरबाजो को पकड़ने के लिए एक नई पहल की है। दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि जो भी व्यक्ति चाकू लेकर घूमने वालों की सूचना देगा उसे एक हजार रुपए नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि उन्होंने जिले को अपराध मुक्त बनाया जाएगा उन्होंने कहा कि वह जिले को अपराध मुक्त तभी बना पाएंगे, जब इसमें आम जनता का साथ मिलेगा उन्होंने कहा कि पिछ्ले कुछ महीने में जिले में चाकू और कटर बाजी की कई घटनाएं घटी हैं। कोई व्यक्ति अपने पास हमेशा चाकू रखता है और उसको लेकर लोगों में भय पैदा कर रहा है तो वह इसकी सूचना पुलिस अधिकारियों को दे सकता है एसपी ने कहा कि सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखते हुए पुलिस की टीम तुरंत वहां भेजी जाएगी दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि जिन लोगों को चाकू या कटर से संबंधित सूचना देनी हो उनके नंबर 9479192002, सीएसपी दुर्ग 9479192006, सीएसपी भिलाई नगर 9479192008, डीएसपी क्राइम 9479192017, टीआई क्राइम 6265022883 और कंट्रोल रूम के नंबर 9479192099 पर कॉल कर जानकारी दे सकता है।



## बीएसपी में ऑडिट सप्ताह समारोह-2024 का शुभारंभ



**भिलाई, 22 भिलाई।** भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के वाणिज्यिक लेखापरीक्षा कार्यालय, भिलाई द्वारा आयोजित ऑडिट सप्ताह समारोह का शुभारंभ संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में 20 नवम्बर को मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक डॉ ए के पंडा, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, निदेशक एम एस डहरिया, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी सुधीर हरने सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने उद्बोधन में ऑडिट की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्कूली परीक्षा भी ऑडिट का ही स्वरूप होता है। ऑडिट द्वारा कार्यों का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मूल्यांकन किये जाने से हेलीकॉप्टर व्यू मिलता है। ऑडिट और ऑडिटी का सम्बन्ध प्रोफेशनल होना चाहिए। ऑडिट कार्यालय के निदेशक एम एस डहरिया ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। ऑडिट विभाग के वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी सुधीर हरने द्वारा ऑडिट सम्बन्धी प्रस्तुति दी गई। ऑडिट इकाइयों के अधिकारियों छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड, रायपुर की चीफ फाइनेंसियल ऑफिसर सुश्री प्रियंका तन्ना, एनएसपीसीएल भिलाई के महाप्रबंधक आलोक सिंह और भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक डॉ ए के पंडा द्वारा ऑडिट सम्बंधित अनुभव साझा किया गया। संचालन सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा किया गया। वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी चितरंजन सारंगी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने किया भिलाई इस्पात संयंत्र दौरा



भिलाई, 22 नवंबर। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या भिलाई प्रवास पर 20 नवंबर को भिलाई निवास पहुंचे, जहां उनका स्वागत निदेशक प्रभारी (सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र) अनिर्बान दासगुप्ता ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किया। 21 नवम्बर को अंतर सिंह आर्या ने भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य इकाईयों का दौरा किया और इस्पात निर्माण की प्रक्रिया में विशेष रूचि ली। सर्वप्रथम अंतर सिंह आर्या ने मैत्री बाग का दौरा किया, जहां उन्होंने प्रकृति, संरक्षित जानवर और बागवानी के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मैत्री बाग के प्राकृतिक वातावरण का आनंद उठाया, वहाँ वृक्षारोपण किया तथा भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा मैत्री बाग में किये जा रहे प्रयासों कि सराहना की। मैत्री बाग में उनके साथ कार्यपालक निदेशक पवन कुमार अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उपस्थित रहे। इसके पश्चात अंतर सिंह आर्या भिलाई निवास में एससी/एसटी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक ली। तत्पश्चात आर्या ने भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भिलाई निवास के बोर्ड रूम में समीक्षा बैठक की। जिसमें आर्या ने प्लांट की कार्यप्रणाली, उत्पादन, निष्पादन और कर्मचारी कल्याण योजनाओं के बारे में जानकारी ली। इसके पश्चात, आर्या एसटी छात्रों से मुलाकात की, जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र स्कूलों के विद्यार्थी, नर्सिंग प्रशिक्षु और इंटर्न शामिल थे। कार्यक्रम के अगले चरण में आर्या ने सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न प्रमुख इकाइयों में लौह और इस्पात उत्पादन की प्रकिया का निरीक्षण किया और इसमें रूचि दिखाई। इस दौरान वे सर्वप्रथम मेन गेट स्थित सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र पहुंचे, जहां उन्हें संयंत्र भ्रमण के दौरान आवश्यक सुरक्षा निर्देशों से अवगत कराया गया। इसके बाद आर्या ने कोक ओवन और कोल केमिकल विभाग (सीओ-सीसीडी), ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 और यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) का निरीक्षण किया तथा प्लांट की तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी ली। उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस-8 में हॉट मेटल उत्पादन, एसएमएस-3 में क्रूड स्टील उत्पादन, यूआरएम में विश्व की सबसे लंबी 130 मीटर रेल की रोलिंग प्रक्रिया को नजदीक से देखा। इस दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों ने आर्या को स्टील निर्माण प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया। संयंत्र भ्रमण के दौरान आर्या के साथ संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## समयावधि में गुणवत्तापूर्वक हों विकास कार्य, दौरे पर निकले आयुक्त ने दिए निर्देश

**भिलाई, 22 नवंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में हो रहे प्रमुख कार्य सड़क, पानी, उद्यान, निर्माण, बिजली, सफाई व्यवस्था देखने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सुबह 7:30 बजे पहुंचे। जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर में विभिन्न जनकल्याणकारी कार्य संपादित किये जा रहे हैं । सभी कार्यों का अवलोकन करने के लिए आयुक्त वैशाली नगर जोन के विभिन्न वार्डों में भ्रमण किये। जिसमें सफाई व्यवस्था, पानी सप्लाई, बिजली व्यवस्था, निर्माण क्षेत्र में हो रहे कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया। जोन आयुक्त येशा लहरे से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त किये। सभी कार्य समय अवधि में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण हो यही प्राथमिकता होगी। कुरूद क्षेत्र में स्थित चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज का पहुंच मार्ग को सीमेंटीकरण करने का प्रस्ताव जोन आयुक्त द्वारा रखा गया। उनके द्वारा बताया गया कि यह बहुत महत्वपूर्ण मार्ग है। मेडिकल कालेज में प्रतिदिन लगभग 200 से अधिक ओपीडी चलता है, बहुत सारे लोग इलाज कराने जाते हैं। बहुत सारे गंभीर बिमारी से पीड़ित मरीज इस सड़क से गुजरते हैं, यह सड़क बारीश के समय बहुत जर्जर हो गया था, आने-जाने वाले लोगों को बहुत तकलीफ होती थी। इसलिए उसे डब्लू बी.एम. रोड बनाकर सुधार किया गया। अब वहां पर सी.सी. रोड निर्माण कर देने से सभी के लिए सुविधाजनक होगा, जो कचांदुर मार्ग लगभग 2300 मीटर का होगा। आयुक्त ने उसका प्रस्ताव बनाने को कहा, जो भी आवश्यक कार्य है उसे पूर्ण किया जाएगा। सफाई संबंधित व्यवस्था में एस.एल.आर.एम. सेंटर, ट्रेचिंग ग्राउंड, उद्यान, तालाब, पानी सप्लाई व्यवस्था आदि का वार्डों में जाकर निरीक्षण किये, आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। सार्वजनिक नल से बस्ती के लोग पानी भर रहे थे, जहां पर अनावश्यक पानी गिर रहा था। पूछने पर पता चला नल की टोटी कोई तोड़ दिया है, जिससे खराब हो गया। ऐसे जगहो सभी जगहो पर नल की टोटी लगाने को कहा। सभी यह ध्यान देगें कि कही पर भी पानी अनावश्यक बर्बाद न हो। अगर कोई टोटी तोड़े तो उसके खिलाफ कार्यवाही भी की जाए, सबके सहयोग से ही हम बेहतर सुविधा बना सकते हैं। दौरे के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, अभियंता अरविंद शर्मा, स्वेता वर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, सुपरवाइजर अंजनी सिंह उपस्थित रहे।





### अभ्युदय स्कूल की छात्रा आशी कुंभकार का सपना डॉक्टर बनना

**कवर्धा, 22 नवंबर।** अभ्युदय क्लास में पढ़ने वाली क्लास 2 की छात्रा आशी कुंभकार डॉक्टर बनने का सपना देखती है और डॉक्टर बनने के लिए सुबह से ही पढ़ाई में सक्रिय रखती है और उनकी माता कहती है बचपन से सपना देख रही है डॉक्टर बनने का लेकिन उसके लिए उसे बहुत पढ़ना होगा ।

## आयुक्त पहुंचे सियान सदन,आयुष्मान कार्ड बनाने किया प्रेरित

**भिलाई, 22 नवंबर।** केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ में से एक महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान कार्ड सभी परिवार के लिए बन रहा है। जिसमें सामान्य वर्ग के परिवार के लोग 50 हजार रूपये तक का ईलाज शासन द्वारा निर्धारित बड़े अस्पतालों में निःशुल्क करवा सकते है। बीपीएल श्रेणी निवासरत परिवार 5 लाख रुपये तक का आयुष्मान कार्ड पर फ्री में इलाज करवा सकते हैं। अभी केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री द्वारा घोषणा के बाद सभी वर्ग के परिवार के लिए 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनो के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। नेहरू नगर वेस्ट सियान सदन में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं जाकर वृद्धजनो के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु प्रेरित किये। वहां पर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है, अभी तक सैकड़ों लोगों ने आयुष्मान कार्ड बनवा लिया। कोई भी 70 वर्षिय महिला/पुरूष अपना आधार कार्ड ले जाकर बनवा सकते हैं। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी 70 प्लस के महिला/ पुरूष वृद्धजनो से निवेदन किया है कि यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा वृद्धो के लिए ईलाज में हो रहे तकलीफ को देखते हुए प्रधानमंत्री द्वारा लाया गया है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में लगभग 26 हजार 70 प्लस के वृद्वजन निवासरत है। अधिक से अधिक संख्या में जाकर आयुष्मान कार्ड का लाभ उठायें। भविष्य में कब किसे क्या जरूरत पड़ जाए कोई नहीं जानता। आयुष्मान कार्ड रहेगा तो आप सब बड़े-बड़े अस्पतालो में अपना ईलाज निःशुल्क करवा सकते हैं।



### टाइफाइड होने की भ्रामक जानकारी देने वाले अस्पताल को किया सील

**रिसाली।** टाइफाइड बीमारी बताकर इलाज करने वाले प्राइवेट प्रैक्टिशनर मो. साजिद की अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग ने ताला लगा दिया है। वहीं जगदंबा चौक पुरैना के भरत मेडिकल स्टोर को अस्थाई तौर पर बंद कर दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा है। रिसाली महापौर शशि सिन्हा के भ्रमण के बाद जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उक्त कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है कि रिसाली महापौर मंगलवार को महापौर परिषद के सदस्यों के साथ पुरैना भ्रमण की थी। इसके बाद जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुरैना वार्ड 38 में सघन सर्वे किया था। इस दौरान खुलासा हुआ कि कोई टाइफाइड का मरीज गंभीर नहीं है। वे दैनिक कार्य कर रहे है। कुछ दिन पूर्व बुखार आने पर उन्हे स्थानीय अल्टरनेटिव डिग्री धारी मो. साजिद ने टाइफाइड होने का दावा करते उपचार किया था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने अल्टरनेटिव डिग्रीधारी मो. साजिद के खिलाफ कार्रवाई की। 447 घरों का सर्वे में केवल 3 मरीज बुखार के मिले। आर डी किट परीक्षण में बुखार सामान्य (मौसमी) पाया गया। वहीं पुरैना वार्ड 39, 40 में कुल 331 घरों तक स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। जहां 10 लोगों को बुखार होना पाया। टाइफाइड की पुष्टि नहीं हुई। प्राइवेट प्रैक्टिशनर मो. साजिद अल्टरनेटिव डिग्रीधारी से पूछताछ के दौरान साजिद ने बताया कि वो एक पैथोलॉजी रिपोर्ट के आधार पर टाइफाइड बताया था। इसके बाद नायब तहसीलदार चन्द्रशेखर कंवर, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया एवं पटवारी और पार्षद की उपस्थिति में कथित अस्पताल को सील किया गया। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने निगम कर्मचारियों को एहतियात बरतने की हिदायत दी है। सैंपल भेजे गए पानी का रिपोर्ट पीएचई से प्राप्त कर प्रस्तुत करने कहा है। वही आयुक्त ने नागरिको से अपील की है की वे पानी उबालकर पीए। तबियत बिगड़ने पर सरकारी अस्पताल या फिर चलित चिकित्सा ईकाई में ईलाज कराने की सलाह दी है।

## ई.केवाइसी की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण कराएं:राजपूत

**दुर्ग, 22 नवंबर।** कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी से प्राप्त निर्देशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड धारियों के ई. केवाइसी कराने कवायद की जा रही है। इस संबंध में आज गुरूवार दिनांक 21.11.2024 को निगम आयुक्त कक्ष में बैठक आयोजित की गई जिसमें क्षेत्र के सभी शासकीय राशन दुकान संचालकों की उपस्थिति रही।बैठक को संबोधित करते हुए निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत ने कहा कि प्रत्येक राशन कार्ड में ई. केवाइसी कराने की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करावे।साथ ही ऐसे कार्ड धारी जिनकी मृत्यु हो गई हो या लंबे समय से यहां निवासरत ना हो उनका सत्यापन करना सुनिश्चित करें।श्री राजपूत ने आगे कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं में से राशन कार्ड सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे खाद्य सुरक्षा जुड़ी हुई है।इस कारण मृत सदस्यों का नाम विलोपन एवं पात्र को लाभ मिले यह ध्यान रखा जावे।इस दौरान भिलाई 03 एवं चरोदा क्षेत्र के सभी शासकीय राशन दुकान संचालक सहित निगम सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरूणिमा दुबे, आयुक्त स्टेनो चेतन देवांगन एवं जन संपर्क प्रभारी विकास त्रिपाठी बैठक में मौजूद रहे।



एक नजर

## खुज्जी सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया

**डोंगरगांव,22 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** शासन द्वारा नियुक्त प्राधिकृत



अधिकारी तखत राम सोनकर जी के द्वारा पद भार ग्रहण किया गया जिसमें सदाराम सोनकर, उत्तमचंद नाहटा, डिगेश्वर साहू, कमलनारायण साहू , हेमंत साहू, कुंजलाल नायक, राधेश्याम कमरिया, एवं सेवा सहकारी समिति खुज्जी पंजीयन 1041के समस्त कर्मचारी गण इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे

## तेलंगाना राज्य से लाया जा रहा 470 क्विंटल अवैध धान जब्त

**राजनांदगांव ,22 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के



निर्देशानुसार जिले में अवैध धान के परिवहन करने वालों एवं कोचियों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य एवं मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा अंतर्राज्यीय जांच चौकी पाटेकोहरा में तेलंगाना राज्य से लाये जा रहे 2 ट्रक में लोड 470 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी ने बताया कि जब्त धान को पुलिस चौकी चिचोला के सुपुर्द किया गया है। अवैध धान परिवहन कर सरायपाली और रायपुर ले जाया जा रहा था।

## हिमांशी ने किया धर्मनगरी का नाम रौशन



**डोंगरगढ़ ,22 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 8 ब में अध्ययनरत छात्रा कु. हिमांशी वर्मा आत्मज रामानुज लाल वर्मा ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन रायपुर रीजन के राजनांदगांव में आयोजित 53 वे रीजीनल स्पोर्ट्स में विधालय का प्रतिनिधित्व कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये योग में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विधालय और शहर का नाम रौशन किया। इसके पश्चात हिमांशी वर्मा ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन के भुनेश्वर उड़ीसा में आयोजित नेशनल स्पोर्ट्स में रायपुर रीजन का प्रतिनिधित्व किया।

## अधिवक्ता ज्योति सोनवानी बनी अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त

**डोंगरगढ़ ,22 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** विधि और विधाई कार्य विभाग मंत्रालय के द्वारा अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक व अतिरिक्त लोक अभियोजक के पद पर नगर की वरिष्ठ महिला अधिवक्ता श्रीमती ज्योति सोनवानी को नियुक्ति प्रदान की है इस संबंध के आदेश आज नगर में पहुंचने पर भाजपा के विधानसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी विजेंद्र सिंह ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। श्रीमती सोनवानी एक लंबे समय से डोंगरगढ़ नगर में स्वच्छ तरीके से लोगों को शासकीय कार्यों में विधिक सहायता प्रदान कर रही हैं उनके चयन से भाजपा कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय नागरिकों में भी हर्ष व्याप्त है वे पूर्व में 5 वर्षों तक पार्षद भी रह चुकी हैं उनका मनोनयन निश्चित रूप से विधिक सेवाओं में गरीब लोगों के लिए एक अच्छा अवसर प्राप्त होगा। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भी उन्हें बधाई दी है।

**राजनांदगांव।** चैक लखोली मे छोडा वापस जाने के लिए सुबह लगभग 10:30 बजे घटना स्थल शीतला मंदिर के पास लखोली पहुचा था तभी सोनू गोंड निवासी बैगापारा अटल आवास लखोली मोटर सायकल से आया और मेरा ई-रिक्शा को रोका रिक्शा से नीचे उतरा तो तुमको मै कब से ढूंढ रहा हूँ.

# सुरक्षा बल का हिस्सा बनकर होता है गर्व, मुख्यमंत्री से बोली महिला कांस्टेबल

**रायपुर,22 नवम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

आज जब युवा साथी मुझसे कहते हैं कि हम भी आपके जैसे बनना चाहते हैं, तब मैं गर्व और हौसले से भर जाती हूं। मैं चाहती हूं कि बस्तर के अधिक अधिक से अधिक युवा सुरक्षा बलों में भर्ती होकर देश की सुरक्षा में अपना योगदान दें। मुझे बहुत खुशी और गर्व है कि मैं इस सुरक्षा बल का हिस्सा हूं और नक्सल अभियानों में मेरी भूमिका रही है।सीआरपीएफ बस्तरिया बटालियन की जांबाज महिला कांस्टेबल ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से उनके बस्तर के सेडवा कैंप प्रवास के दौरान ये बातें साझा की।

मुख्यमंत्री श्री साय बस्तरिया बटालियन की महिला कांस्टेबल के आत्मविश्वास से भरे शब्दों को सुनकर गर्व से भर गए और शाबाशी देते हुए कहा कि जवानों के हौसलों से ही हमें ताकत मिलती है। उन्होंने कहा कि नक्सल ऑपरेशन में बस्तर की बहुत सारी बेटियां चुनौतियों के बीच सफलतापूर्वक काम कर रही हैं। बस्तर में नक्सलवादियों से मुकाबला करती हमारी बेटियों के पराक्रम का कोई सानी नहीं है। मुख्यमंत्री श्री साय को बताया गया कि सीआरपीएफ के चुनिंदा जवानों को कोबरा बटालियन में काम करने का मौका दिया जाता है। इन जवानों को नक्सल ऑपरेशन और जंगलवार में महारत हासिल है। जवानों ने टेकलगुड़ेम में कैम्प स्थापना के दौरान हुई घटना का जिक्र करते हुए बताया कि नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में हमारे कई साथी घायल हुए लेकिन हमारी टीम ने डटकर मुकाबला किया और कैम्प स्थापित करने में सफल हुए, जिसके कारण नक्सलियों को गांव छोड़कर भागना पड़ा। जवानों ने अबूझमाड़ की चुनौतियों के बारे में मुख्यमंत्री को बताया। उन्होंने कहा कि दुर्गम इलाकों में कई तरह की चुनौतियों का सामना करने के बावजूद सभी जवानों का मनोबल ऊंचा है। हमारी तैनाती संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में होती है और हम हर



तरह की चुनौतियों से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। हमारी कोशिश है कि हमारा राज्य नक्सलमुक्त हो। हम सब जवान टीम वर्क के साथ अभियानों को अंजाम देते हैं। नक्सल ऑपरेशन के दौरान जब जवान घायल होते हैं तब उनके लाइफ सपोर्ट के लिए भी टीम हमेशा मुस्तैद रहती है। ग्राउंड जीरो से हायर मेडिकल फेसिलिटिज तक जवानों को ले जाने के लिए एयर लिफ्ट करने का काम भी तत्काल किया जाता है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय बस्तर प्रवास के दौरान अचानक ही सीआरपीएफ बस्तरिया बटालियन में जवानों से मिलने बस्तर जिले के सेडवा कैंप पहुंचे थे। यहां उन्होंने जवानों से खुलकर आत्मीयतापूर्वक बात की और जवानों ने भी मुख्यमंत्री से आत्मीय संवाद करते हुए माओवादी आतंक के उन्मूलन के प्रयास में अपने अनुभवों और चुनौतियों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर जवानों की तारीफ करते हुए कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध हमने जो सफलता हासिल की है, उसमें पुलिस और सुरक्षा बलों की अनेक टीमों और बटालियनों की साझी भागीदारी है। इसके साथ-साथ स्थानीय शासन के विभिन्न विभागों ने भी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवादी मानवता के दुश्मन हैं। बारूदी सुरंगें बिछाते हुए वे जरा भी नहीं सोचते कि इनसे आम लोगों की जानें भी जा सकती हैं। कई बार छोटे-छोटे बच्चे भी इन बारूदी सुरंगों की चपेट में आ जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों का काम सचमुच बहुत चुनौतीपूर्ण है, लेकिन हर चुनौती को चूर-चूर करना आप लोगों को आता है। आज हमारे जवान अबूझमाड़ जैसे दुर्गम क्षेत्र में भी नक्सलवाद का सफाया करते हुए सफलता के झंडे लहरा रहे हैं। नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षा बलों ने देश के सामने संगठन और समन्वय का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## आयुक्त विश्वकर्मा सुबह पहुंचे वार्डों में सफाई देखने

**राजनांदगांव,22 नवम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज सुबह आकस्मिक रूप से साफ सफाई देखने वार्डो में पहुँचे और नंदई, गंज चौक, लोहार पारा, पुराना बस स्टैण्ड में सफाई का निरीक्षण कर हाजरी रजिस्टर की जॉच किये और निर्धारित समय तक साफ सफाई करने स्वास्थ्य अमला को निर्देशित किये। आयुक्त श्री विश्वकर्मा नंदई चौक में साफ सफाई का निरीक्षण कर चौक एवं सड़क की नियमित सफाई करने, कचरा प्रतिदिन उठाने निर्देश दिये। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव से कहा कि नंदई के मुक्कड़ में एक किनारे कचरा एकत्रित कराये और उसे तत्काल उठाये, जिससे यातायात बाधित न हो। उन्होंने नंदई फ्लाई ओव्हर के नीचे डिस्पोजल, झिल्ली पन्नी देख गैंग लगाकर सफाई कराने निर्देशित किये तथा संबंधित को नोटिस जारी करने कहा, अपालन पर जप्ती एवं अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिये। आयुक्त



ने गंज चौक में साफ सफाई देख कहा कि इसी प्रकार प्रतिदिन सफाई करे और चौक चौराहो के नाली नालो व सड़को की अच्छे तरीके से सफाई कराये। उन्होंने पुराना बस स्टैण्ड में साफ सफाई देख प्रतिदिन कचरा उठाने निर्देशित किये, बस स्टैण्ड में झिल्ली पन्नी पाये जाने पर नागरिकों से चर्चा कर साफ सफाई रखने, दुकानदारों से झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने समझाईस दिये। उन्होंने हाजरी रजिस्टर की जॉचकर कर्मचारियों के संबंध मे जानकारी लेकर कहा कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक सफाई कार्य करेंगे बिना कारण अनुपस्थित नहीं रहेंगे। भरकापारा एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर सेन्टर बंद पाये जाने तथा साफ सफाई के अभाव में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सेन्टर प्रभारी को समय में सेंटर खोलने, प्रतिदिन सफाई करने, कचरा पृथककरण करने कड़ाई से निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि घर घर कचरा संग्रहण गाडी समय पर वार्डो में निकले एवं सतप्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करें। उन्होंने सेन्टर के बाहर नल का पानी बहने पर टोटी लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सेन्टर के काम में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। उन्होंने पुराना बस स्टैण्ड स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर सुलभ के संचालक को कहा कि सुलभ में साफ सफाई के अलावा उपयोग करने वालो की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जावे।

## छत्तीसगढ़ की बालक-बालिका टीम पहुंची सेमीफाइनल में

**राजनांदगांव,22 नवम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में आज खेले गए क्वार्टर फाईनल मैच में मेजबान छत्तीसगढ़ के बालक-बालिकाओं ने अपना दम दिखाते हुए बॉस्केटबॉल 14 एवं 17 वर्ष के सेमीफाईनल में जगह बना ली है। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 22 नवम्बर 2024 सुबह 11 बजे से दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित किया गया है। दिग्विजय स्टेडियम के बॉस्केटबॉल कोर्ट में खेली जा रही 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के चौथे दिन खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में 14 वर्ष बालिका बॉस्केटबॉल मैच में महाराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को 47-24 अंकों से हरियाणा ने केरल को 51-37 अंकों से दिल्ली ने तमिलनाडू को 56-43 अंकों से एवं मेजबान छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने पंजाब को एकतरफा मुकाबले में 43-14 अंकों से पराजित कर सेमीफाईनल में पहुंची। बालक 14 वर्ष में दिल्ली ने सीआईएससीई को 68-43 अंकों से राजस्थान ने मध्यप्रदेश को 69-38 अंकों से, हरियाणा ने उत्तरप्रदेश



को और मेजबान छत्तीसगढ़ ने बालकों ने सीबीएसईडबलूएसओ को 27-16 अंकों से हराकर सेमीफाईनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता के 17 वर्ष बालक वर्ग में भी मेजबान छत्तीसगढ़ के बालकों ने आसान क्वार्टर फाईनल मैच में हरियाणा को 36-15 अंकों से दिल्ली ने सीआईएससी को और राजस्थान ने महाराष्ट्र को हराया। इस वर्ग में सबसे तेज गति से खेले गये रोमांचक मुकाबले में तमिलनाडू ने पंजाब को 88-

# निगम का अतिक्रमण हटाओ दस्ता सक्रिय

**राजनांदगांव ,22 नवम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

शहर में अतिक्रमण कर ठेला खोमचा एवं पसरा लगाने वालों को समझाईस देने व हटाने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निगम के अतिक्रमण दस्ता को निर्देश दिये थे, निर्देश के अनुक्रम में आज कार्यपालन अभियंता व भवन अधिकारी श्री यू..के.रामटेके एवं टीम गुरूद्वारा चौक में अतिक्रमण कर पसरा लगाकर उनी वस्त्र बेचने वालों को समझाईस देकर हटाने की कार्यवाही किये। इसके अलावा जी.ई.रोड जिला न्यायालय के आस पास रोड में ठेला खोमचा वालों को तथा ममता नगर मार्ग से अतिक्रमण हटाने समझाईस दिये। शहर के चौक चौराहा एवं रोड में अतिक्रमण कर अनाधिकृत रूप से पसरा एवं ठेला खोमचा लगाकर व्यवसाय किया जाता है, जिससे यातायात बाधित होती है



और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखकर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत पसरा हटाने तथा ठेला खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिये। निर्देश के अनुक्रम में आज भवन अधिकारी श्री रामटेके व निगम का दल गुरूद्वारा चौक में रोड पर पसरा लगाकर उनी वस्त्र का विक्रय किया जा रहा था, जिससे यातायात बाधित हो रही थी, उन्हे हटाने की कार्यवाही की और उन्हें शिवाजी पार्क के आस पास तथा शीतला मंदिर मार्ग में एक किनारे लगाने समझाईस दिये। इसी प्रकार जी.ई.रोड में कलेक्ट्रेड एवं न्यायालय के पास मेन रोड में ठेला खोमचा लगाने वालों को भी हटाने समझाईस दी गई, नही हटाने पर निगम द्वारा हटाकर जुर्माना लगाया जायेगा। आयुक्त श्री विश्वकर्मा के निर्देश पर भदौरिया चौक से ममता नगर अण्डर ब्रिज मार्ग में रोड तक फैलाकर पसरा व दुकान लगाने वाले लोगों को नोटिस एवं समझाईस देने की कार्यवाही की जा रही है। नोटिस उपरांत नही हटाने पर निगम की टीम द्वारा जप्ती कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जावेगी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अपील करते हुये कहा है कि शहर के चौक चौराहो एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगावे। उन्होने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्यवाही करेगी उससे पूर्व हटा लेवे अन्यथा बिना सूचना के हटाने की कार्यवाही की जावेगी। अतिक्रमण हटाने के दौरान उप अभियंता श्री अनिमेष चंद्राकर व श्री अनुप पाण्डे, राजस्व निरीक्षक श्री हितेश ठाकुर, प्र.पटवारी श्री मिलीन्द रेड्डी व श्री गणेश झा सहित अतिक्रमण दस्ता उपस्थित था।



## गुणवत्ताहीन सड़क व नाली का निर्माण

**डोंगरगढ़ ,22 नवम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजकट्टा से गाजमर्रा तक 3 करोड़ की लागत से सड़क का डामरीकरण एवं नाली निर्माण किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराए जा रहे इस कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार चंद्रगिरि तीर्थ को जोड़ने वाला यह मार्ग पूरी तरह जर्जर हो गया था। चंद्रगिरि में जाने वाले जैन अनुयायियों की सुविधा को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने प्रज्ञागिरि, बम्लेश्वरी स्थल से जोड़ने वाले इस मार्ग को प्राथमिकता में शामिल कर राशि स्वीकृत किया है। ठेकेदार द्वारा स्टीमेट को नजरअंदाज कर सड़क एवं नाली का निर्माण किया जा रहा

**पटने लगी नाली**-जानकारी के अनुसार सड़क किनारे जिनके खेत या घर है वह लोग अपनी सुविधा को देखते हुए निर्माणाधीन नाली को पाटकर मार्ग बनाने में लगे है। पुरानी सड़क को बिना स्केलिंग किये ही मुरूम एवं गिट्टी बिछा दिया गया है जिससे वाहनों के नों के गुजरने पर धूल उड़ रही है और लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। सड़क के बाजू बनने वाली सीसी नाली में ना तो पर्याप्त लोहे का इस्तेमाल किया जा रहा है और ना ही उपयुक्त मटेरियल। गांव वालों का कहना है जिस तरह सड़क का निर्माण किया जा रहा है उससे सड़क और नाली का अधिक समय तक टिकना मुश्किल है.

## 15वें वित्त राशि से कराए गए निर्माण कार्य का भुगतान अब तक नही, सरपंच लगा रहे हैं कलेक्टर के चक्कर

**डोंगरगढ़ ,22 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।**विकासखंड के ग्राम पंचायत लाल बहादुर नगर के सरपंच,उप सरपंच बीते कुछ दिनों से अजीबो गरीब कस्मकष में फसे हैं उन्होंने बताया कि हमें अब तक 15 वें वित्त की राशि अप्राप्त है श्रीमती सोनी ने बताया कि वह 11 फरवरी 2020 से ग्राम पंचायत लाल बहादुर नगर में सरपंच के पद पर कार्यरत है उन्हें 4 सितंबर 2024 को जारी पत्र के द्वारा पता चला कि ग्राम पंचायत लाल बहादुर नगर को षासन द्वारा नगर पंचायत का दर्जा प्रदान किया गया है साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी का भी स्थापना कर दिया गया है ग्राम पंचायत की गतिविधियों एवं लेनदेन पर रोक लगा दिया है जिससे प्रतिनिधि होने के नाते किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधा नल जल व्यवस्था,ग्राम पंचायत के कर्मचारियों का वेतन एवं विभिन्न कार्यो का भुगतान करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ऐसे में ग्रामीणों के कई कार्यो में दिक्कतें आ रही है जिससे जनता में आक्रोश का माहौल है इससे पूर्व भी तहसील कार्यालय के रिनोवेशन का कार्य ग्राम पंचायत द्वारा तत्कालीन कलेक्टर डोमन सिंह के मौखिक आदेश के चलते कराया गया था जिसकी राशि आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुई है इस संबंध में बीते 30 सितंबर,4 अक्टूबर तथा 18 नवंबर को कलेक्टर को आवेदन सौंप कर 15वें वित्त की राशि भुगतान हेतु निवेदन किया जा चुका है किंतु बार बार आवेदन के बाद भी आज तक कार्यवाही सुन्य हैं श्री सोनी ने जिलाधीश के ग्राम पंचायत बनने के पूर्व की राशि ग्राम पंचायत को दिलाने की मांग की है जिससे कि ग्राम में मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली,पानी,सड़क सुविधा सुचारू रूप से चल सके श्रीमती सोनी ने यह भी बताया कि यदि इस ओर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो ग्रामीण उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे जिसकी सारी

## हीरापुर में दानापानी बंद विवाद पर थाने पहुंचे ग्रामीण

**डोंगरगढ़ ,22 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत मक्काटोला के आश्रित ग्राम हीरापुर के सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष थाने पहुँचे और दंड प्रथा का विरोध करते नजर आए. जिस पर डोंगरगढ़ थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा की समझाईश पर प्रार्थीयो व ग्राम प्रमुख व ग्रामीणों को आपसी सुलह कर मामले का निपटारा कराया गया. 21 नवम्बर गुरुवार को सैकड़ो की संख्या में हीरापुर के महिला पुरुष विवाद के निपटारे के लिए थाना पहुँचे थे जिसमें गांव में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, नाबालिक लड़का लड़की प्रेम प्रसँग, निरबंशी विवाद सहित 15 नवम्बर शुक्रवार कार्तिक पूर्णिमा के दिन शोभायात्रा के दौरान शराब पीकर मारपीट की पुलिस में शिकायत जैसे अलग अलग प्रकरण शामिल थे.

**क्या था विवाद का कारण**- ग्रामीणों से चर्चा करने पर बताया गया कि गांव में गांव के सियान ही कई एकड़ सरकारी भूमि को दबा अतिक्रमण किया गया है और गांव बैठक में अतिक्रमण हटाने पर विवाद करते है और उनकी देखासीखी अन्य लोग भी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर खेत बढ़ा फसल पैदा कर रहे है जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है. वहीं बताया गया कि मवेशी चारागाह सहित मुक्तिधाम मार्ग पर अतिक्रमण कर धान की खेती की जा रही है जिससे मवेशी चारागाह व मुक्तिधाम वाले मार्ग में आने जाने का रास्ता बंद होने से कई प्रकार की परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है. वहीं बताया गया कि गांव में कुछ लोगों के द्वारा शराब पीकर नशे में माहोल खराब किया जा रहा है. ग्रामीणों के चर्चा की माने तो गांव में कार्तिक पूर्णिमा के दिन भागवत कथा का समापन पर शोभायात्रा निकाली गई थी इस दौरान गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा शराब पीकर माहौल खराब किया जा रहा था और कार्यवाहक पटेल की समझाने पर उनसे ही मारपीट की गई.



## आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को अपराध से दूर रहने की समझाइश

**डोंगरगढ़ ,22 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** पुलिस द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को अपराध से दूर रहने की हिदायत और आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने पर कानून का शिकंजा कसकर कठोर कार्यवाही करने की चेतावनी व समझाइश दी गई है. पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि 21 नवम्बर 2024 को डोंगरगढ़ एसडीओपी आशीष कुंजाम द्वारा थाना डोंगरगढ़ परिसर में थाना डोंगरगढ़, थाना बोरतलाब एवं ओ0पी0 चिचोला क्षेत्र के गुण्डा, निगरानी, माफी बदमाशों एवं पूर्व अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले व्यक्तियों को थाना डोंगरगढ़ में उपस्थित कराकर क्लास लेकर बदमाशों एवं हमेशा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वालें व्यक्तियों को अपराध से दूर रहने एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु चेतावनी दी गई है व पुनः अपराध में संलिप्त रहने वालों पर कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही करने की हिदायत दी गई है। शराब कोचिए सहित गुंडे,बदमाशों की क्लास लेने के दौरान थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा एवं थाना बोरतलाब प्रभारी मिलन सिंह चौकी प्रभारी चिचोला भूषण चंद्राकर भी उपस्थित रहे।

## लोहार समाज से मनोज विश्वकर्मा दूसरी बार बने जिलाध्यक्ष

**मगरलोड ,22 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** झेरिया लोहार विश्वकर्मा जिला रायपुर की लोगो ने रविवार को रायपुर में आयोजित एक समारोह में सर्व सहमति से मनोज विश्वकर्मा को



बतौर जिलाध्यक्ष के तौर पर मनोनीत किया गया। तो वही उपाध्यक्ष रामानंद विश्वकर्मा,शोभाराम विश्वकर्मा ,जिला महामंत्री मोतीलाल विश्वकर्मा , सचिव कलाराम विश्वकर्मा ,कोषाध्यक्ष शंकर लाल विश्वकर्मा,प्रवक्ता डॉ युगल किशोर बघेल, रोहित विश्वकर्मा रवेली, डॉ गणेश बघेल सलाहकार के तौर पर गोपनीयता की शपथ लिया।

# नगर पंचायत चुनाव की हलचल शुरू,समूह को साधने में लगे हैं दावेदार

**तरूण छत्तीसगढ़ संवाददाता >> जसीम कूरैशी**

**छूरिया ।** नगरी निकाय के चुनाव का बिगुल अभी बजा नहीं है और कई नगर अध्यक्ष बनने के उत्सुक लोगों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है ,मिली जानकारी के अनुसार आगामी नगरी निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद की दावेदार करने वाले नगर के महिला समूह को साधने में लगे हैं महिला समूह से मिलना जुलना मीटिंग लेना और समूह के लोगों का संगठित व असंगठित श्रमिक पंजीयन करवाने का कार्य किया जा रहा है और ड्राइविंग लाइसेंस बनाने पर फ्री में हेलमेट का वितरण भी किया जा रहा है। वहीं कुछ वर्तमान पार्षद नगर अध्यक्ष बनने का सपने संजोए हुए हैं जो 5 साल तक अपने वार्ड में कोई भी समस्या का निराकरण नहीं किया है और न ही कभी वार्डवासियों के दुःख सुख में शामिल हुए हैं , और न ही पार्षद बनने के बाद वार्ड में कभी जनसंपर्क में रहें हैं। ऐसे लोग नगर अध्यक्ष बनने मुंगेरी लाल का सपना देख रहे हैं।

नगर पंचायत को बने 14 साल हो गया है । इस नगर को योग्य अध्यक्ष नहीं मिला , जो बिना भेद भाव किए नगर का विकास एवम् मूलभूत समास्याओं का समाधान कर सकें। चुनाव जीतने के लिए बड़े-बड़े वादे कर तो देते हैं लेकिन एक वादे भी पूरा नहीं करते । विदित हो कि छुरिया नगर पंचायत में तीन तालाब है तीनों तालाबों का सौंदर्यीकरण का वादा किया गया था वहीं नगर में नालियों का गंदा पानी नगर के पुराना तालाब और नया तालाब में जाता है इस तरफ भी किसी जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं गया है पुराने तालाब व नया तालाब में लोग नहाते हैं। नगर के सभी मोहल्ला वार्डो का गंदा पानी को गटर का निर्माण कर डायवर्ट करते तो तालाब का पानी स्वच्छ रहता। नगर वासियों के योग्य उम्मीदवार और योग्य अध्यक्ष का सपना कब पूरा होगा। नगर पंचायत



बने 14 साल से ज्यादा हो गया है लेकिन नगर में कोई अब तक गार्डन का निर्माण नहीं हो सका है वही नगर में दो दो बस स्टैंड है दोनों जगह शौचालय का निर्माण तो हुआ है लेकिन एक भी सुचारू रूप से चालू नहीं हो सका है पुराने बस स्टैंड में शौचालय व पेशाब जाने के लिए राहगीरों व आम नागरिकों को बहुत असुविधा का सामना करना पड़ता है यहां शौचालय का निर्माण तो हुआ है लेकिन इसका उद्घाटन के लिए नगर पंचायत कौन सा मुहूर्त का इंतजार कर रहा है जो अभी तक इसका उद्घाटन नहीं हो सका है। छुरिया नगर का दुर्भाग्य हैं यहां कई विधायक व बड़े नेता बने लेकिन नगर को कुछ नहीं दिया। यहां कोई जनप्रतिनिधियों ने भी जनता जनार्दन के उम्मीद पर खरा नहीं उतरे।

स्वच्छ छवि और निस्वार्थ भाव से काम करने वाले ऐसा नगर अध्यक्ष की तलाश छूरिया नगरवासियों को हैं क्योंकि जितने भी मिलें इस नगर को वो चश्में का वादा कर के आंखें छिन लिए वालीं कहावत को चरितार्थ करता नज़र आया ।आज तक जनता के आशा और विश्वास पर खरे उतरते नज़र नही आया।अब वार्ड पार्षद से लेकर नगर अध्यक्ष पद हेतु जनता अब अवसरवादी राजनीति संरक्षण में थोपे लिडर व जनता से कोई सरोकार नहीं रखने वाले लोगों को सबक सिखाएगी। छुरिया नगर पंचायत में बनें 101 दुकान आबंटन मे जिस तरह नगर के युवाओं के साथ और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ ये किसी से छुपा नही है ,किस तरह लोग अपने राजनीतिक का इस्तेमाल कर गरीब लोगों को सताये है ।कैसे नगर के हर निर्माण कार्य पर कमिशन का बोलबाला रहता हैं,कैसे रातों रात राजनीतिक षड्यंत्र के तहत 101 व्यवसायिक परिसर का आवंटन हुआ ,कैसे युवा अपने सपनों को अपने आंखों के तले लोगों को बोलीं लगातें देखें है। यहां तक की राजनीति विरोधाभासी के चलते नगर पंचायत अध्यक्ष के पद पर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया जिसमें कांग्रेस को अध्यक्ष पद खोना पड़ा ।जिसके बाद आज तक अध्यक्ष पद के लिए फोलोर टेस्ट हुआ ही नहीं सिर्फ राजनीतिक नियुक्तियों का दौर चला सरकार बदली फिर वहीं हाल वर्तमान में राजनीतिक नियुक्ति अध्यक्ष पद हेतु कुछ पार्टी से बहार हुए ,कुछ पार्टी बदलें इसी नगर में पुर्व में एक प्रोपोगंडा करने वाले नगर विकास मंच का भी गठन किया गया था। जो एटम बम की तरह फुस्की निकला,इस विकास मंच ने लोगों की आस्था और विश्वास को ठेस पहुंचाया।

## संपादकीय

# कमी है तो बताए झूठ तो न बोले

लोकतंत्र में विपक्ष का काम है सरकार की नीति,योजना,कार्यक्रम में कोई कमी-खामी है तो वह बताए ताकि सरकार उसे दूर कर सके और उससे जनता को फायदा हो। लोकतंत्र में विपक्ष का काम झूठ बोलना नहीं होना चाहिए,लोगों को नहीं लगना चाहिए कि सरकार की आलोचना के चक्कर में विपक्ष आए दिन झूठ बोले जा रहा है।सरकार ने अभी धान खरीदी शुरू की है और किसान बड़ी संख्या में धान बेचने आ रहे हैं, उनके सुख सुविधाओं का ख्याल रखने का प्रयास किया जा रहा है। कहीं से कोई शिकायत नहीं आ रही है, ऐसे में विपक्ष यदि कहता है कि सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीदना चाहती है तो यह ठीक नहीं है। सरकार ने तय कर रखा है कि किसानों से कितना धान खरीदना है, अगर धान खरीदी खत्म होने पर सरकार उतना धान नहीं खरीदती है तो विपक्ष सरकार की आलोचना करे कि उसने जितना धान खरीदने को कहा था, उतना धान नहीं खरीदा। तब लोगों को सही लगता कि विपक्ष ने अपना धर्म निभाया है। अभी धान खरीदी चल रही है और विपक्ष का कहना सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीदना चाहती,उसे जनता की नजर में हंसी का पात्र बनाता है।विपक्ष अपने झूठ के कारण हंसी का पात्र बनता है इससे उसकी ही साख प्रभावित होती है, जनता का उसकी बातों पर विश्वास कम होता जाता है। ऐसी बात पर जनता कैसे भरोसा करे जो बाद में झूठ निकले। इसी तरह साय सरकार ने कभी नहीं कहा है कि छत्तीसगढ़ में रबी में धान की फसल लगाने पर रोक है। विपक्ष ने इसे लपक लिया कि सरकार के किसान विरोधी होने का मुद्दा मिल गया, उसे पहले हकीकत का पता लगाना चाहिए कि सरकार ने ऐसा आदेश जारी किया है, अगर सरकार ने आदेश जारी किया है तो विपक्ष उसकी आलोचना कर सकता है।विपक्ष रायपुर,धमतरी व राजनांदगांव जिला प्रशासन की चिट्ठी के आधार पर बात कर रहा है, उसमें भी कही नहीं है कि सरकार ने गर्मी में धान की फसल पर लगाने पर रोक लगा दी है। उस पत्र में साफ कहा गया है कि गर्मी में धान के स्थान पर मक्का,रागी,गेहूं, दलहन,तिलहन,सब्जी व गन्ना जैसी फसलें लेने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी इलाकों में नहीं खासकर उन इलाकों में जहां भूमिगत जल का जमकर दोहन होता है।इससे उस इलाके में जलसंकट की स्थिति पैदा हो सकती है, इसलिए ऐसे क्षेत्रों में धान की फसल की जगह दूसरी फसल लगाने की बात कही गई है, कहीं नहीं गया है गर्मी में किसान धान की फसल नहीं ले सकता।कलेक्टर की तरफ से निर्देश जारी किया गया है कि गांवों में किसान गर्मी में धान की जगह दूसरी फसल लें।विपक्ष के झूठ के जवाब में सीएम को कहना पड़ा है कि गर्मी में धान लगाने पर किसी प्रकार की रोक नहीं है।सरकार की ओर ऐसे कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है।भाजपा हमेशा से किसान हितैषी सरकार रही है तथा उसने जितना काम किया है, उतना काम कांग्रेस ने नहीं किया है।कांग्रेस के प्रवक्ता सरकार की आलोचना करते वक्त यह भूल गए कि भूपेश सरकार ने भी तो अपने समय में इसी तरह का आदेश जारी किया था ताकि किसान गर्मी में धान की अन्य फसल लें। इसके लिए भूपेश सरकार ने किसानों को दूसरी फसल लगाने पर 9 हजार व पौधारोपण करने पर 10 हजार रुपए सब्सिडी देने की घोषणा भी की थी।ऐसा हर सरकार करती है, रमन सरकार ने भी अपने समय कोशिश की थी कि किसान धान के अलावा दूसरी फसल लगाने की ओर ध्यान दें ताकि छत्तीसगढ़ में हर तरह की फसल हो। किसान सिर्फ धान ही नहीं लगाए। राज्य में भू-जल की स्थिति कई क्षेत्रों में गंभीर शुरू से है, इसलिए ऐसे क्षेत्रों में ऐसी फसल लगाने को कहा जाता है जिससे किसानों को ज्यादा पैसा मिले और पानी कम लगे। दोनों सीजन में धान लगाने पर पानी बहुत लगेगा इससे कई क्षेत्रों में जलसंकट की स्थिति बन सकती है,हर सरकार की तरह साय सरकार भी चाहती है कि राज्य के किसी क्षेत्र में जल संकट की स्थिति न बने इसलिए हर सरकार की तरह गर्मी में धान कम लगाने व दूसरी फसल ज्यादा लगाने के लिए किसानों को प्रेरित किया है। बताया जाता है कि प्रदेश के कई विकासखंड हैं जहां पानी का पूरा दोहन कर लिया जाता है।इसमें गुरुर व धरसीवा की स्थिति सबसे खराब बताई जाती है।वही बालोद,धमतरी,बेमेतरा, बेरला,नवागढ़,साजा, बिल्हा,तखतपुर,धमतरी,कुरुद,धमधा,दुर्ग,पाटन,गरियाबंद, राजिम, जांजगीर चांपा,मालखरोदा, पंडरिया, कवर्धा, बसना, पिथौरा, रायगढ़,बरमकेला,पुसौर, रायपुर,राजनांदगांव, डोंगरगढ़ ब्लाक में स्थिति खराब तो है पर कम खराब है। ऐसे ही क्षेत्रो में सरकार नें किसानों से कहा है कि वह दूसरी फलस लेंगे तो इससे उनका फायदा होगा और क्षेत्र का फायदा भी होगा,जो पानी वह गर्मी में बचाएंगे, वह पानी उनको अगले सीजन काम आएगा। सरकार जानती है कि यहां की राजनीति में किसानों से संबंधित कोई भी मुद्दा बहुत संवेदनशील होता है और किसान नाराज हो सकते है, इसलिए वह ऐसा कुछ तो कर ही नहीं सकती जिससे किसान नााराज हों।साय सरकार ने पिछले चुनाव में किसानों के लिए जितने वादे किये थे, सब पूरे कर दिया है, किसान उससे खुश हैं। यह बात विपक्ष को अच्छी कैसे लग सकती है,सरकार ने पिछली बार भी किसानों से जितना धान खरीदने को कहा था, उससे ज्यादा धान खरीदकर भूपेश सरकार से खुद ज्यादा किसान हितैषी साबित किया था। साय सरका अब तक भूपेश सरकार से खुद को बेहतर साबित करती आई है। इससे कांग्रेस खिसियाई हुई है। उसे जो भी झूठ भी मिल जाता है उसे सच मान लेती और सरकार पर हमला बोल देती है, इसका परिणाम क्या होता है।

जीवन दर्शन

ललित गर्ग

# उदास लोगों का देश बनना भारत की एक त्रासदी



भारत उदास, निराश एवं थके हुए लोगों का देश बनता जा रहा है। हम प्रसन्न समाजों की सूची में अव्वल नहीं आ पा रहे हैं। आज अक्सर लोग थके हुए, उदास, निराश नजर आते हैं, बहुत से लोग हैं जो रोजमर्रा के काम करने में ही थक जाते हैं। उनका कुछ करने का ही मन नहीं होता। छोटे-मोटे काम भी थकाऊ और उबाऊ लगते हैं। विडम्बना तो यह है कि लम्बे विश्राम एवं लम्बी छुट्टियों के बाद भी हम खुद को तरोताजा नहीं बना पा रहे हैं। भारत में ऐसे लोगों का प्रतिशत लगभग 48 तक पहुंच गया है, जो चिन्ता का बड़ा सबब है। ऐसे थके एवं निराश लोगों के बल पर हम कैसे विकसित भारत एवं नये भारत का सपना साकार कर पायेंगे? यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं नीति-निमार्ताओं को भी सोचना होगा कि कहां समाज निर्माण में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार थके हुए लोगों के देश के रूप में पहचाने जा रहे है। खुशहाल देशों की सूची में भी हम सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं।

हर साल जारी होने वाली वर्ल्ड हैपिनेस रिपोर्ट, जो संयुक्त राष्ट्र सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशंस नेटवर्क की प्रस्तुति है, बताती है कि कौन देश सबसे ज्यादा खुश और कौन से देश सबसे ज्यादा दुखी हैं? वैश्विक स्तर पर खुशी का स्तर तय करने के कई पैमाने है, जिनमें लोगों की आजादी, स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार, आय जैसी बातें शामिल होती हैं। सबसे अधिक दुखी देशों की लिस्ट में पहला नाम अफगानिस्तान का आता है। इस लिस्ट में भारत की रैंकिंग भी बेहद निराश करने वाली है। भारत में उदास एवं निराश लोगों की स्थिति के कई कारण हो सकते हैं- जनसंख्या वृद्धि दर ज्यादा होना, कृषि पर ज्यादा निर्भरता, आर्थिक विकास की दर कम होना, बेरोजगारी, अशिक्षा, आय में असमानता, भ्रष्टाचार, आंतरिक द्वेष, कमजोर आर्थिक नीतियां एवं जटिल प्रशासनिक प्रक्रिया। दुःख जीवन के उतार-चढ़ाव का एक अभिन्न अंग है। जिस तरह इंसान खुशी, निराशा, उदासी, गुस्सा, गर्व आदि भावनाओं को महसूस करता है, उसी तरह हर कोई समय-समय पर दुःख महसूस करता है। दुःख कभी-कभी इंसान को मोटीवेट करने में भी मदद कर सकता है, लेकिन यह जिजीविषा, खुशहाली, सक्रियता, जोश को भी कम करता है। दुनिया की खुशहाल देशों की सूची में भारत इस वर्ष 143 देशों में 126वें स्थान पर है। यह रैंक पिछले साल के मुकाबले बिल्कुल वही रही है। भारत के पड़ोसी देशों में चीन 60वें, नेपाल 93वें, पाकिस्तान 108वें, म्यांमार 118वें, श्रीलंका 128वें और बांग्लादेश 129वें स्थान पर है।

भारत दुनिया का सबसे उदास देश है। शोधों के निष्कर्ष बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन एवं अत्यधिक गर्मी के कारण 2100 तक भारत में हर साल 15 लाख लोगों की मौत हो सकती है? इसी कारण उदास लोगों की संख्या भी बढ़ सकती है। 2018 की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत सबसे अधिक अवसादग्रस्त देशों की सूची में सबसे ऊपर है। भले ही भारतीयों को स्वभाव से समायोजित और संतुष्ट लोगों के रूप में जाना जाता है, लेकिन यह पता चला है कि वे सबसे अधिक उदास भी हैं। एक तरफ हम खुद को किसी भी चीज में आसानी से समायोजित कर लेते हैं, चाहे वह कम पैसा हो, खराब सड़कें हों, बुनियादी ढाँचे की कमी हो या कुछ भी हो। नेशनल केयर ऑफ मेडिकल हेल्थ के एक अध्ययन के अनुसार लगभग 6.5 प्रतिशत भारतीय गंभीर मानसिक स्थितियों से पीड़ित हैं, चाहे वे ग्रामीण हों या शहरी। सरकार जागरूकता कार्यक्रम चला रही है लेकिन मनोवैज्ञानिकों और मनोचिकित्सकों के साथ-साथ



मानसिक स्वास्थ्य डॉक्टरों की भी कमी है।

भारत के मानव-स्वभाव में उग्र हो रही उदासी एवं निराशा का बड़ा कारण प्रदूषित हवा एवं पर्यावरण है। शुद्ध वायु में ही जीवन है और उसी में जीवन की सकारात्मकता एवं जीवन-ऊर्जा समाहित है। यही हमारी अराजक जीवन शैली को संयमित कर सकती है। कुछ ऐसे रोग जो उपचार योग्य नहीं माने जाते, उन पर अंकुश लगा सकती है। व्यक्ति अपने घर में आहार-विहार को संतुलित करके भी उत्साही एवं प्रसन्न होने का प्रयास कर सकता है। हम सूरज के उगने से पहले उठें। धूप में न बैठने से हम विटामिन डी की समस्या से ग्रस्त हो जाते हैं, जिससे शरीर में उदासी एवं निराशा बढ़ जाती हैं। आमतौर पर विदेशों में लोग नवंबर से जनवरी तक सूर्य स्नान लेते हैं जिससे लोगों को विटामिन-डी मिल जाता है। आज आम लोग शारीरिक श्रम नहीं करते। खान-पान की चीजों में भारी मिलावट है। बाजार की शक्तियां कई तरह के भ्रम फैलाती हैं। पारिवारिक जीवन अनेक दबावों से घिरा है, कॉरपोरेट संस्कृति में रिश्ते, स्वास्थ्य एवं खुशहाली बहुत पीछे छूट रही है। वास्तव में अधिकांश आधुनिक रोग काम न करने की बीमारी है। हम लोग दिमाग को थका रहे हैं, शरीर को नहीं थका रहे हैं। इसी वजह से शरीर को ?भुगतना पड़ रहा है। आदमी पैदल नहीं चल रहा है। स्वस्थ रहने के लिये जरूरी है हम आहार सही ढंग से लें। दरअसल हमारा आहार दवा है। देर रात भोजन करना, देर रात तक जगना एवं सुबह देर से उठना शरीर के साथ अत्याचार करने जैसा है। इन्हीं जटिल से जटिलतर होती स्थितियों ने हमें उदासी दी है। वैसे उदासी, निराशा, थकावट, दुख या खुशी एक ऐसी अवस्था है, जिस पर किसी सर्वे के जरिये एकमत नहीं हुआ जा सकता। फिर भी, ऐसी सूचियों से सकारात्मक प्रेरणा लेते हुए प्रसन्न, उत्साही, सक्रिय समाज की संरचना के लिये तमाम तरह के प्रयास करने में ही भलाई है।

हमारा शीर्ष नेतृत्व आजादी के बाद से ही निरन्तर आदर्शवाद और अच्छाई का झूठ रचते हुए सच्चे आदर्शवाद के प्रकट होने की असंभव कामना करता रहा है, इसी से जीवन की समस्याएं सघन होती गयी है, इसी ने उदासी को बढ़ाया है, नकारात्मकता का व्यूह मजबूत होता गया है, खुशी, उत्साही, जोशीला एवं प्रसन्न जीवन का लक्ष्य अधूरा ही रहा है, इनसे बाहर निकलना असंभव-सा होता जा रहा है। दूषित और दमघोंटू वातावरण में आदमी अपने आपको टूटा-टूटा सा अनुभव कर रहा है। आर्थिक असंतुलन, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ी कानून व्यवस्था एवं भ्रष्टाचार उसकी धमनियों में कुत्सित विचारों का रक्त संचरित कर रहा है। ऐसे जटिल हालातों में इंसान कैसे खुशहाल, जोशीला एवं सकारात्मक जीवन जी सकता है? इन गहन अंधेरों से बाहर निकलते हुए विगत एक दशक में सरकारों के कामकाज एवं नीतियों से एक आशावाद झलका है, लेकिन इंसानों का लगातार निराश एवं उदास होते जाना एक बड़ी चुनौती है।

वैसे भी खुशी, जोश एवं उत्साह महसूस करना व्यक्ति के खुद की सोच पर निर्भर करता है। इसलिये प्रश्न है कि हमारी जोश, तरोताजगी एवं उत्साह का पैमाना क्या हो? विकास की सार्थकता इस बात में है कि देश का आम नागरिक खुद को संतुष्ट, जोशीला, तरोताजा और आशावान महसूस करे। स्वयं आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ बने, कम-से-कम कानूनी एवं प्रशासनिक औपचारिकताओं का सामना करना पड़े, तभी वह निराशा एवं उदासी को कम कर पायेगा। कृत्रिम बौद्धिकता, डिजिलीकरण, आर्थिक नवाचार जैसी घटनाओं ने आम आदमी को अधिक परेशानी एवं कंकाली दी है। समस्याओं के घनघोर अंधेरों के बीच उनका चेहरा बुझा-बुझा है। न कुछ उनमें जोश है न होश। अपने ही विचारों में खोए-खोए, निष्क्रिय और खाली-खाली से, निराश और नकारात्मक तथा ऊर्जा विहीन। हाँ सचमुच ऐसे लोग पूरी नींद लेने के बावजूद सुबह उठने पर खुद को थका महसूस करते हैं, कार्य के प्रति उनमें उत्साह नहीं होता। ऊर्जा का स्तर उनमें गिरावट पर होता है। क्यों होता है ऐसा? कभी महसूस किया आपने? यह स्थितियां एक असंतुलित एवं अराजक समाज व्यवस्था की निष्पत्ति है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए किसी वाद विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। सामाजिक गतिविधियों में आप बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपको कार्यक्षेत्र में किसी पॉलिटिक्स से दूर रहने की आवश्यकता है। विद्यार्थी किसी खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपको अपने सहयोगियों से मन की बात कहने का मौका मिलेगा। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ मिलेगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से फलदायक रहने वाला है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को लाभ मिलने की संभावना है, क्योंकि उनके सहयोगी उनके कामों में साथ देंगे। आपको अपनी दिनचर्या को बेहतर रखना होगा। आप किसी के कहने में न आए और किसी अजनबी पर भी भरोसा करने से बचना होगा। आपकी मेहनत रंग लाएगी। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का आपको मौका मिलेगा। वैवाहिक जीवन में संबंधों में कटुता आ सकती है, इसलिए आप ध्यान दें।

मिथुन- आज के दिन की शुरूआत कमजोर रहेगी। आपको कुछ खास व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। इन्कम बढ़ने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ने से आपको खुशी होगी। बिजनेस में आप कुछ मजबूत प्लानिंग करेंगे, जिससे आपकी साख और फैलेगी। आपको अपने जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप किसी विरोधी को अपने ऊपर हावी होने न दें।

कर्क- आज का दिन आपके लिए शांतिपूर्ण रहने वाला है। आपके अपने कामों को लेकर मेहनत अधिक करनी होगी। आप काफी व्यस्त रहेंगे। आपको एकांत में बैठकर कुछ समस्याओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है। परिवार के सदस्य भी परेशान रहेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बिजनेस में यदि आपका धन कहीं रुका हुआ था, तो वह मिल सकता है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष कर दिखाने के लिए रहेगा। परोपकार के कार्य में आपकी काफी रुचि रहेगी। किसी नए काम की आप चर्चा कर सकते हैं, लेकिन आपको अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपको काम को लेकर यदि कुछ दिक्कतें आ रही थी, तो वह दूर होंगी। कारोबार कर रहे लोगों को थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप कोई काम परिवार के विरुद्ध जाकर न करें। आपकी जरा सी लापरवाही से आपको कोई नुकसान होने की संभावना है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने कामों पर पूरा फोकस बनाए रखने की आवश्यकता है, तभी आपका कोई लक्ष्य पूरा होगा। आप किसी से बातचीत करके कोई निर्णय ले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपने बच्चों की गतिविधियों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है, नहीं तो वह किसी गलत काम की और अग्रसर हो सकते हैं। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपका कोई प्रॉपर्टी से संबंधित मामला सुलझ सकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। कामकाज के मामले में आपके ऊपर दबाव अधिक रहेगा। आपको दूसरों की बातों में आने से बचना होगा। संपत्ति संबंधित कोई विवाद यदि लंबे समय से अटक रहा था, तो वह भी सलझ सकता है। आपको दूसरों की बातों में आने से बचना होगा और आप दिखावे के चक्कर में न आएं। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको परिवार में चल रही समस्याओं को दूर करने की आवश्यकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। भाइयों के साथ आपके संबंधों में यदि कुछ खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपने गुस्से पर काबू करने की आवश्यकता है। परिवार में कोई सदस्य यदि विवाह योग्य है, तो उनके लिए कोई बेहतर रिश्ता आ सकता है। आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। सेहत को लेकर आपके कुछ उतार चढ़ाव बने रहेंगे।

धनु- आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कोई झूठा आरोप लग सकता है और आप खुद को साबित करने में लगे रहेंगे। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधा दूर होंगी। आपका कोई मित्र आपसे मिलने आ सकता है। बिजनेस कर रहे लोगों की कोई डील आज उनसे कोई गलती होने के कारण अटक सकती है। आपको किसी काम को लेकर टेंशन बनी रहेगी। आपको अपने कामों में आत्मविश्वास से आगे बढ़ना होगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ बेहतर समय व्यतीत करेंगे। आपसे कामों में यदि कोई गलती हो, तो आप उस पर पूरा ध्यान दें और आपको किसी नए घर की खरीददारी करने की योजना बना सकते हैं। आपको किसी को उधार देने से बचना होगा। सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों का ट्रांसफर होने की संभावना है। आपको आज गलत खान-पान के कारण धन संबंधित समस्या हो सकती है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए असमंजस भरा रहने वाला है। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा और वरिष्ठ सदस्य अच्छा मार्गदर्शन देंगे, जो आपके खूब काम आएगा। आपको जल्दबाजी के कारण कुछ समस्याएं पैदा हो सकती हैं और काम को लेकर आपको योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपको अपने भाई बहनों का पूरा साथ मिलेगा। रोजगार की तलाश कर रहे लोग कोई अच्छा अवसर मिल सकता हैं।

मीन- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको अपने आसपास रहे लोगों से यदि कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी और काम को लेकर आपको योजना बनाकर चलनी होगी। आपके घर परिवार में चल रही समस्याओं से भी काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। आपको रुपए पैसे से संबंधित मामलों में किसी पर भरोसा बहुत ही सोच समझकर करने की आवश्यकता है। कोई कोर्ट कचहरी से संबंधित मामला आपको परेशान कर सकता है।

## जयंती पर विशेष

# पुलिस अकादमी में हुई संदिग्ध मृत्यु, किसी को सजा नहीं, कब मिलेगा आईपीएस मनुमुक्त 'मानव' को न्याय?

प्रियंका सौरभ



नियति का यह कैसा दुखद विधान है कि विशिष्ट प्रतिभाओं को यहाँ अत्यल्प जीवन ही मिलता है। आदि शंकराचार्य से लेकर स्वामी विवेकानंद, स्वामी रामतीर्थ, श्रीनिवास रामानुजन, भारतेंदु हरिश्चंद्र और रांगेय राघव तक, एक लंबी सूची है ऐसे महापुरुषों? की, जो अपनी चमक बिखेरकर अल्पायु में ही इस दुनिया से विदा हो गए। भारतीय पुलिस सेवा के युवा अधिकारी मनुमुक्त 'मानव' भी एक ऐसे ही जगमगाते प्रतिभा-पुंज थे, जिन्हें काल ने असमय ही अपना ग्रास बना लिया। 28 अगस्त, 2014 को बहुमुखी प्रतिभा के धनी, अत्यंत होनहार और प्रभावशाली पुलिस अधिकारी मनुमुक्त की मात्र 30 वर्ष, 9 माह की अल्पायु में नेशनल पुलिस अकेडमी, हैदराबाद (तेलंगाना) के स्विमिंग पूल में डूबने से, संदिग्ध परिस्थितियों में, मृत्यु हो गई थी। स्विमिंग पूल के पास ही स्थित ऑफिसर्स क्लब में चल रही विदाई पार्टी के बाद, आधी रात को जब मनुमुक्त का शव स्विमिंग पूल में मिला, तो अकेडमी में ही नहीं, पूरे देश में हड़कंप मच गया, क्योंकि यह अकेडमी के 66 वर्ष के इतिहास में घटित होने वाली पहली इतनी बड़ी दुर्घटना थी। यहीं यह बताना भी आवश्यक है कि इतनी मर्मांतक और दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदी के बाद भी इस मामले की न तो? ठीक-से जांच हुई और न ही किसी अधिकारी या कर्मचारी की जिम्मेदारी तय कर, उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की गई। मनुमुक्त के पिता, वरिष्ठ साहित्यकार और शिक्षाविद् डॉ. रामनिवास 'मानव' भरे मन से बताते हैं कि अधिकारियों की आपराधिक लापरवाही और मनुमुक्त की मृत्यु के षड्यंत्र में शामिल उनके बैचमेट अफसरों की संलिप्तता के दस्तावेजी सबूतों के बावजूद, उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई, बल्कि तेलंगाना पुलिस और सीबीआई ने इसे सामान्य घटना बताकर मामले को रफा-दफा कर दिया। तेलंगाना पुलिस और सीबीआई का पूरा प्रयास दोषियों को बचाने का था, दोषियों को सजा दिलाने का नहीं। ?यही नहीं, मनुमुक्त को ट्रेनी बताकर सभी सरकारों ने पल्ला झाड़ लिया, किसी ने एक रुपये की भी आर्थिक सहायता परिवार को प्रदान नहीं की। विगत एक दशक से अपने बेटे के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए निरंतर संघर्ष करते आ रहे 70वर्षीय बुजुर्ग डॉ. 'मानव' निराश होकर कहते हैं कि अब उनका न प्राकृतिक न्याय-व्यवस्था में विश्वास बचा है और न भारतीय न्याय-व्यवस्था में। उल्लेखनीय है कि मनुमुक्त 2012 बैच और हिमाचल प्रदेश काडर के परम मेधावी और ऊजार्वान पुलिस अधिकारी थे। 23 नवंबर, 1983 को हिसार (हरियाणा) में जन्मे तथा पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से उच्च शिक्षा प्राप्त मनुमुक्त ने 'सी' सर्टिफिकेट सहित एनसीसी की सभी सर्वोच्च उपलब्धियाँ प्राप्त की थीं। वह बहुत अच्छे चिंतक होने के साथ-साथ बहुमुखी कलाकार और सफल फोटोग्राफर भी थे; सेल्फी के तो मास्टर ही थे। उनकी समाज-सेवा में भी बड़ी रुचि थी। वह अपने दादा-दादी की स्मृति में अपने पैतृक गाँव में स्वास्थ्य-केंद्र तथा नारनौल में सिविल सर्विस एकेडमी स्थापित करना चाहते थे। देश और समाज के लिए उनके और भी बहुत सारे सपने थे, जो उनकी असामयिक मृत्यु के साथ ही ध्वस्त हो गए। इकलौते जवान आईपीएस बेटे की मृत्यु मनुमुक्त के पिता, वरिष्ठ साहित्यकार और शिक्षाविद् डॉ. रामनिवास 'मानव' तथा माता अर्थशास्त्र की पूर्व प्राध्यापिका डॉ. कांता भारती के लिए भयानक वज्रपात से कम नहीं थी। कोई अन्य दम्पत्ति होता, तो शायद टूटकर बिखर जाता, लेकिन 'मानव' दम्पत्ति ने अद्भुत धैर्य और साहस का परिचय देते हुए, न केवल इस अकल्पनीय-असहनीय पीड़ा को झेला, बल्कि अपने बेटे की स्मृतियों को सहेजने और सजीव बनाए रखने के लिए भरसक प्रयास भी प्रारंभ कर दिए। उन्होंने अपनी संपूर्ण जमापूंजी लगाकर 10 अक्टूबर, 2014 को मनुमुक्त 'मानव' मेमोरियल ट्रस्ट का गठन किया और नारनौल में 'मनुमुक्त भवन' का निर्माण कर उसमें वातानुकूलित लघु सभागार, संग्रहालय और पुस्तकालय की स्थापना की। ट्रस्ट द्वारा अढाई लाख का एक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार, एक लाख का एक राष्ट्रीय पुरस्कार, 21-21 हजार के दो तथा 11-11 हजार के तीन राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार और सौ मनुमुक्त 'मानव' स्मृति-सम्मान प्रारंभ किए। मनुमुक्त 'मानव' युवा शक्ति के प्रतीक ही नहीं, प्रेरणा-स्रोत भी थे। देहांत के एक दशक बाद भी उन्हें बड़े सम्मान के साथ स्मरण किया जाता है। परिवार ने मीडिया, सोशल मीडिया और फेसबुक के माध्यम से उनकी प्रेरक स्मृतियों को जीवित रखा हुआ है। इसके लिए मनुमुक्त की बड़ी बहन और विश्वबैंक, वाशिंगटन डीसी (अमरीका) की वरिष्ठ अर्थशास्त्री डॉ. एस अनुकृति का भी भरपूर सहयोग रहता है। अंत में मनुमुक्त की बैचमेट, भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी और संप्रति धमतरी (छत्तीसगढ़) की जिलाधिकारी नम्रता गांधी के शब्दों में कहा जा सकता है, *मनुमुक्त हमारे लिए बड़े भाई, मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक थे। उनके व्यक्तित्व में उत्तम हास्य का समावेश था, वहीं उनका दिल भी विशुद्ध सोने का बना था। उनके अंतर्मन में बड़ी गहराई थी, जिसका बाहर से अनुमान लगाना कठिन था। वह शानदार प्रशासक, स्वाभाविक नेता, श्रेष्ठ टीम-खिलाड़ी, सम्मानित वरिष्ठ, विश्वसनीय कनिष्ठ और सबके चहेते साथी तथा सहयोगी थे। हममें से किसी के लिए भी उन्हें भुला पाना संभव नहीं है।

## विश्लेषण

# अराजकता और हिंसा से बिगड़े मणिपुर के हालात पर गौर करने की जरूरत

मनोज कुमार अग्रवाल



आप जानते हैं कि मणिपुर भारत का सबसे खूबसूरत प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर उत्तर पूर्वी राज्य है, जिसमें लगभग पिछले डेढ़ वर्ष से पैदा हुई हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही। यह हिंसा की आग मई, 2023 में शुरू हुई थी, जब वहां की हाईकोर्ट ने बहुसंख्यक मैतई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) का दर्जा देने का फैसला सुनाया था, इससे वहां के पहाड़ों में रहते कुकी समुदाय के लोगों में भय पैदा हो गया कि उनकी जमीनें और अधिकार बड़े स्तर पर कम हो जाएंगे। उत्तर पूर्व के अनेक छोटे-छोटे राज्य अशांत रहते हैं। इन सभी राज्यों के अलगाववादी हथियारबंद होकर दशकों से यहां चुनौती पेश करते आ रहे हैं। मणिपुर में बहुसंख्यक मैतई हिन्दू समुदाय के साथ और कुकी बड़ी हद तक ईसाई समुदाय से संबंधित हैं। यहां भाजपा की सरकार है। एन. बिरेन सिंह यहां के मुख्यमंत्री हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मैतई समुदाय को अपने साथ जोड़ने के लिए साम्प्रदायिक पत्ता भी खेला था, 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 37 विधायक हैं, जिनमें से 7 विधायक कुकी समुदाय के साथ भी संबंध रखते हैं। डेढ़ वर्ष से यहां बनी गृह युद्ध की स्थिति में अब तक 300 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। बड़े स्तर पर घरों और जायदादों को आग लगाई जा चुकी है। यह दोनों समुदाय एक दूसरे के कट्टर विरोधी ही नहीं, बल्कि दुश्मन बने नजर आते हैं। इसलिए अपने-अपने गांवों में इन्होंने अपने पहरे लगा रखे हैं। हथियारबंद लोग एक- दूसरे समुदाय पर हमले करते हैं। आपको पता है कि मणिपुर फिर से हिंसा की आग में जल रहा है. यहां उग्रवादियों और सुरक्षाबलों के मुठभेड़ के बाद जिरीबाम में 6 लोगों के अपहरण और उनकी लाश मिलने के बाद से भीड़ हिंसक हो गई है. कई मंत्रियों के घरों पर हमले हो चुके हैं. प्रदर्शनकारियों ने सीएम के घर पर भी हमला करने की कोशिश की थी.कुकी उग्रवादियों की ओर से क ही परिवार के 6 लोगों की नृशंस हत्या के बाद नाराज मैतेई समुदाय के लोग सड़क पर उतर आए हैं. लगातार हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं. वहीं दूसरी ओर कुकी समुदाय 11 नवंबर की मुठभेड़ को फर्जी बता रहा है. इन लोगों का कहना है कि वह उनके शवों का अंतिम संस्कार पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही करेंगे. कुकी समुदाय का कहना है कि उन्हें शक है कि सुरक्षाबलों ने उन्हें पकड़कर मारा है

ताजा जानकारी के अनुसार हथियारबंद उग्रवादियों द्वारा जिरीबाम में एक महिला की हत्या की गई. इस संबंध में 8 नवंबर को जिरीबाम स्थानीय पुलिस ने एफआईआर दर्ज की. सशस्त्र उग्रवादियों ने जिरीबाम के जाकुरधोर करोंग और बोरोबेकरा पुलिस स्टेशनों पर मौजूद सीआरपीएफ चौकी पर हमला किया. इस सिलसिले में 11 नवंबर को बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई. बोरोबेकरा में घरों को जलाने और नागरिकों की हत्या का मामला सामने आया. इस संबंध में 11 नवंबर को बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई.11 नवंबर को, मणिपुर पुलिस ने कहा कि बोरोबेक्रा पुलिस स्टेशन और जिरीबाम के जकुरधोर में सीआरपीएफ कैंप पर छद्म वर्दी पहने और अत्याधुनिक हथियारों से लैस उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में 10 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। पुलिस के अनुसार, कुछ घंटों बाद संदिग्ध उग्रवादियों ने उसी जिले से महिलाओं और बच्चों सहित छह नागरिकों का कथित तौर पर अपहरण कर लिया. शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि मणिपुर में तैनात सभी सुरक्षा बलों को राज्य में व्यवस्था और शांति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। पिछले साल मई से जातीय संघर्ष से जूझ रहे मणिपुर में महिलाओं और बच्चों के शव बरामद होने के बाद विरोध प्रदर्शन और हिंसा के कारण स्थिति अस्थिर हो गई है. शनिवार रात को गुस्साई भीड़ ने इंफाल घाटी के विभिन्न जिलों में तीन और भाजपा विधायकों और एक कांग्रेस विधायक के घरों में आग लगा दी. जबकि सुरक्षा बलों ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के पैतृक आवास पर धावा बोलने की प्रदर्शनकारियों की कोशिश को नाकाम कर दिया.मणिपुर में स्थिति को कंट्रोल करने के लिए केंद्र सरकार ने सीएपीएफ की 50 और कंपनियां भेजने का फैसला किया है. इस तरह अब राज्य में सीएपीएफ की 268 कंपनियां तैनात हो जाएंगी. इनमें पांच हजार जवानों की संख्या और बढ़ जाएगी। इस तरह, राज्य के हिंसा प्रभावित इलाकों में जवानों की तैनाती की संख्या 26,800 हो जेगी. इन 50 कंपनियों में सबसे बड़ी संख्या सीआरपीएफ की कंपनियों की होगी, जबकि बाकी कंपनियां बीएसएफ और अन्य सुरक्षाबलों की होंगी. जो अतिरिक्त 50 कंपनी यहां जाएगी उनमें अतिरिक्त 6500 अर्धसैनिक बल होंगे. यहां पहले से ही 40,000 केंद्रीय बल मौजूद हैं।

आपको बता दें कि एक शरणार्थी कैंप में से कुछ व्यक्तियों के अपहरण हत्या के बाद हिंसा के हालात और भी तेज हो गये। यहां तक कि दोनों समुदायों ने चर्चों और मंदिरों की भी तोड़ फोड़ की और उनको आग भी लगाई। केन्द्र में भाजपा के बड़े नेता हमेशा 'डबल इंजन' की सरकार की बात करते हैं, लेकिन मणिपुर में 'डबल इंजन' की यह सरकार बुरी तरह फेल हो चुकी है। इस घटनाक्रम की कुछ हैरान करने वाली बातें हैं। जब ये दंगे भड़के थे तथा ऐसा गृह-युद्ध शुरू हुआ था तो इन्हें न सम्भाल सकने की ज़िम्मेदारी मुख्यमंत्री बिरेन सिंह पर डाली गई थी। तब ये समाचार भी आने लगे थे कि स्थिति को अच्छी तरह न सम्भाल सकने तथा इस सीमा तक बिगड़ने देने के कारण मुख्यमंत्री से इस्तीफा ले लिया जाएगा, परन्तु केन्द्र सरकार ने वहां खतरनाक हालात पैदा हो जाने के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया। इससे बड़ी हैरानी की बात यह है कि इन भयावह घटनाओं के घटित होने के बाद भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस राज्य का दौरा नहीं किया। यहां तक कि उन्होंने इस स्थिति बारे आज तक कोई बयान भी नहीं दिया। प्रधानमंत्री के धारण किए ऐसे रवैये ने बड़ी सीमा तक निराशा पैदा की है।

# बस्तर के सभी क्षेत्रों से प्रतिभावान खिलाड़ी निकलें,इसी मंशा से बस्तर ओलंपिक का आयोजन:विधायक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 22 नवम्बर ।** बस्तर ओलम्पिक 2024 के तहत बस्तर जिला का जिला स्तरीय प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन जगदलपुर के इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम, क्रीड़ा परिसर धरमपुरा और पंडरीपानी (हॉकी)में किया जा रहा है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में चित्रकोट विधायक श्री विनायक गोयल की आतिथ्य में किया गया। विधायक श्री गोयल ने खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा और ध्वजारोहण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने सम्बोधन देते हुए कहा कि बस्तर ओलम्पिक के खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में पंजीयन करवाया और ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जीतकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पहुंचें है सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री की मंशानुसार बस्तर के सभी क्षेत्रों से प्रतिभावान खिलाडी निकले इसी के बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया गया है। खिलाडियों को अपनी खेल प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिला है इसका भरपूर लाभ और खेल का आनंद लें। खेल में हार-जीत लगा रहता है खिलाड़ी कमजोर नहीं हो,खेल भावना से खेलकर कर उच्च स्तर खेलें। युवा खेल के साथ पढ़ाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा को दिखाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महापौर श्रीमती सफिरा साहू ने संबोधित




करते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक के माध्यम से मुख्यमंत्री के पहल पर प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों को आगे लाने का प्रयास के लिए आभार। सभी खिलाड़ी अच्छे से खेलें,अच्छे से मेहनत करें और खेलकर अपने क्षेत्र का नाम रौशन करें। कार्यक्रम में कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने कहा कि ब्लॉक से जिला स्तर पर पहुंचने पर सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं। खेल गतिविधि में भाग लेकर जीवन में कई अनुभवों को सीखने का अवसर मिलता है। खेल में सुधार,आचरण व्यवहार में सुधार की संभावना से बेहतर व्यक्तित्व के विकास में सहायक होता है। वर्तमान समय में खिलाडियों के प्रति जो सम्मान, स्नेह मिलता है उसके आप हकदार बने ऐसी मेहनत करने का प्रयास हमारे बस्तर के खिलाड़ी करें आईजी श्री सुंदरराज पी. ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव के लिए खेल एक उचित माध्यम है।खिलाडी भावना के साथ खेल का आनंद ले और शांति, सुरक्षा,विकास हेतु क्षेत्र के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बस्तर ओलंपिक का सातों जिलों में आयोजन किया जा रहा है।सीईओ जिला पंचायत एवं प्रभारी कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि बस्तर ओलंपिक के लिए एक अक्टूबर से पंजीयन प्रारंभ किया गया था जिसमें लगभग 37 हजार लोगों ने पंजीयन करवाया था जिसमें लगभग 26 हजार (71 प्रतिशत) लोगों ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता तीन स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। जिसमें जिले के सातों विकासखंड से लगभग 1900 बालक-बालिका भाग ले रहे है। प्रतियोगिता में व्यक्तिगत खेल गतिविधि और सामूहिक खेल के विजेताओं को नगद पुरस्कार दिया जाएगा।बस्तर ओलंपिक के जिला स्तरीय प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर पद्म श्री श्री धर्मपाल सैनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री मनीराम कश्यप, पूर्व विधायक श्री लच्छूराम कश्यप, पार्षद योगेंद्र पाणिग्रह, यशवर्धन राव सहित पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिंहा, गणमान्य जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, खेल अधिकारी श्री राजेंद्र डेकाटे, सभी जिला स्तरीय अधिकारी, खेल प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने फुटबाल को किक मारकर किया शुभारंभ, सातों विकासखण्ड के खिलाडियों ने शानदार मार्चपास्ट किया गया। बस्तर ओलम्पिक का एंथम- थीम गीत का लॉच किया गया। राष्ट्रीय खिलाडी वेदवती कश्यप ने खिलाडियों को खेल भावना के लिए शपथ दिलवाई और अतिथियों के द्वारा सातों ब्लॉक केखिलाडियों खेल कीट प्रदाय किया गया। दो स्कूल के छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी।

## एक नजर

### अ.ज.जा. शासकीय सेवक विकास संघ के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री,मंत्री शामिल होंगे



**गरियाबंद, 22 नवंबर।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय प्रबंधकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह 24 नवम्बर ,को दीनदयाल ऑडिटोरियम रायपुर में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, अध्यक्षता रामविचार नेताम, मंत्री केदार कश्यप, देवेंद्र प्रताप सिंह राज्यसभा सांसद , सुश्री लता उसेंडी, नीलकंठ टेकाम , तुलेश्वर सिंह मरकाम, श्री जनक ध्रुव, फूलसिंह राठिया चैतराम अटामी प्रणव कुमार मरपची आशाराम नेताम, सरजियस मिंज (आई ए एस) , बी एल ठाकुर (आई ए एस) , जी.एस. धनंजय (आई ए एस) , श्री शिशुपाल शोरी (आई ए एस), श्री विजय ध्रुव (आई एफ एस)रहेगे। कार्यक्रम में गरियाबंद जिले के अधिकारी कर्मचारी एवं भारी संख्या में समाज प्रमुखों सम्मिलित होने की जानकारी अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ,जिला अध्यक्ष भागसिंह ठाकुर, महासचिव श्रवण ठाकुर,ब्लॉक अध्यक्ष संतोष ध्रुव,मैनपुर, गुलाब नेताम छुरा, लालेंद्र सिंह कोमर्रा देवभोग ने दी है प्रांतीय सदस्य नरसिंह ध्रुव द्वारा जिले के सभी अनुसूचित जनजाति अधिकारी कर्मचारी को कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे ।

### आवास योजना, जल शक्ति अभियान, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य योजनाओं की सीईओ ने की समीक्षा

**दंतेवाड़ा, 22 नवंबर ।** जिला पंचायत के भूतल सभाकक्ष में आज जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा द्वारा सीईओ जनपद पंचायत, पीओ नरेगा, बीपीएम, बीसी आवास, तकनीकी सहायक एवं सचिवों की उपस्थिति में विभागीय योजनाओं की समीक्षा किया गया। बैठक में सर्वप्रथम सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नॉमिनी वाले समस्याओं का 01 सप्ताह के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे आवास मित्र जो कार्य करने में रुचि नहीं ले रहे हैं, उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रस्ताव जिला पंचायत को उपलब्ध करावें। इसी प्रकार उन्होंने आवास योजना के तहत वर्ष 2024 25 हेतु लक्ष्य के अनुसार जितने हितग्राहियों का पंजीयन हुआ है उतने ही हितग्राहियों का स्वीकृति करने का भी निर्देश दिया। इसी प्रकार हितग्राहियों का पंजीयन एवं आवास स्वीकृति में अंतर को कम करने, वर्ष 2016 से 23 तक के ऐसे अपूर्ण आवास जो प्लिंथ स्तर तक पूर्ण है ऐसे लगभग 238 आवास को टिन शेड 07 दिवस के भीतर लगाने हेतु उन्होंने कहा। इस क्रम में उन्होने मनरेगा के तहत जल शक्ति अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं का सर्वे कार्य 30 नवंबर तक 100 प्रतिशत पूर्ण करने तथा संरचनाओं का प्राक्कलन 7 दिसंबर तक जिला पंचायत को प्रेरित करने एवं जिला स्तर से 15 दिसंबर 2024 तक सभी कार्यों को स्वीकृत करने, डबरी के कार्य को निरस्त करने हेतु प्रस्ताव प्राक्कलन, नक्शा खसरा, पंचायत प्रस्ताव सहित 04 दिन में भेजने, मनरेगा के कार्यों में डिमांड अनुसार मास्टर जनरेट करने, कार्यों के अनुसार 01 सप्ताह में मानव दिवस बढ़ाने, के लिए भी समस्त सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया।

### स्थानीय निर्वाचन के मुद्रण कार्य के लिए द्वितीय निविदा 6 दिसंबर तक आमंत्रित

दंतेवाड़ा, 21 नवंबर 2024। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा में वर्ष 2024 में होने वाले नगरीय निकायों (नगरपालिका) के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म (मूल्य रूपये 100 है) कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं कलेक्टर कार्यालय में 6 दिसंबर 2024 को अपराह्न 3 बजे तक प्राप्त की जाएगी।

# शासन की सभी लोक हितैषी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो: सांसद चौधरी

**महासमुन्द, 22 नवंबर।** लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि शासन की योजनाएं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर अच्छे से हो इसके लिए जरूरी है कि विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और योजनाओं के प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करें। सांसद चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह एवं अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू उपस्थित थे।सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि दिशा समिति की बैठक का उद्देश्य जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उनकी प्रगति का मूल्यांकन करना है। शासन की सभी योजनाएं लोक हितैषी है और उनका प्रभावी क्रियान्वयन करना हमारा दायित्व है। उसे बोझ की तरह न लेकर उत्सव की तरह संपादित करें जिससे लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि जल-जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर तक पेयजल पहुंचाने की योजना है। उन्होंने पीएचई को जल-जीवन मिशन के कार्यो में तेजी लाने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन पर ज़ोर देते हुए कहा कि जहाँ कार्य पूरे हो गए है वहाँ जनप्रतिनिधियों को भी लेकर जाए। काम ना करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, उनकी शिकायतों और उनकी समस्याओं का समाधान करें। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की बात कही। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के आवेदन स्वीकृत करने और बिना किसी कारण के लंबित नहीं रखने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा श्रमिकों को नियमित रोजगार मुहैय्या कराएं और जिले में अधिक से अधिक मानव दिवस सृजन करे। श्रीमती चौधरी ने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान फसल बीमा योजना में अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के निर्देश दिए है। साथ ही कहा कि किसानों को आदान सामग्री वितरण के लिए हितग्राहियों की सूची तैयार करते समय जनप्रतिनिधियों से सलाह अवश्य लेवें। उन्होंने शासन के अन्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक प्रगति के निर्देश दिए।विधायक महासमुंद श्री योगेश्वर राजू सिन्हा ने बैठक के दौरान कहा कि जिले में आयुष्मान कार्ड से नियमानुसार ही राशि का आहरण करें। उन्होंने आयुष्मान भारत अंतर्गत संबंधित अस्पतालों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नियमानुसार ही हितग्राहियों का चयन करें और किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त न हो। विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि शासन द्वारा परम्परागत कृषि को बढ़ावा देने की कोशिश किया जा रहा है, जिसे अधिक से अधिक विकासखण्डों पर पहुंचाया जाए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से किसानों को सलाह देने के निर्देश दिए हैं।बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। जिले में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना अंतर्गत 8 हजार से अधिक महिला हितग्राहियों का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता अंतर्गत 45476 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

# ग्राम पंचायत गगगलेर व आस पास के ग्रामीणों से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक मनीष कुंजाम,ग्रामीणों की समस्याओं को जाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 22 नवंबर।** जिले के विकासखंड कोंटा के अतिसंवेदनशील क्षेत्र ग्राम पंचायत गंगलेर व आस पास के ग्रामीणों से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक मनीष कुंजाम, एआईएफएफ प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम, उपाध्यक्ष उमेश मरकाम, हिड़मा माड़वी, इरफान खान क्षेत्र के ग्रामीणो की समस्याओ को जाना।

गंगलेर मे उचित मूल्य दुकान बनकर तीन साल हो गया राशन अब तक नही पहुंचा, बिजली, सड़क, आश्रम नहींकोन्टा ब्लॉक के नक्सल प्रभावित क्षेत्र मराईगुड़ा (वन) के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गंगलेर में शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान बनकर तीन साल हो गया अब तक राशन यह उपलब्ध नही है, गंगलेर पंचायत के ग्रामीणों ने कहा कि तीन वर्ष हो गया है शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान बनकर भवन जंगल झाड़ी बन गया है चारो ओर। अब तक राशन यहा पर उपलब्ध नही कराया जा रहा है, अभी भी मराईगुड़ा में चावल रखा जाता है, गंगलेर से मराईगुड़ा की दूरी 15 से 18 किलोमीटर है ,गंगलेर से चावल लाने जाने आने के लिए कापी दूरी होने के कारण कई लोग समय पर राशन नही ला पाते है, इसलिए ग्रामवासी परेशान है, राशन दुकान तो बनाया गया लेकिन राशन उपलब्ध नही कराया जा रहा है, राशन दुकान की भवन बनकर पुराना हो रहा है लेकिन चावल नही पहुंच रहा है ,इधर पंचायत के अन्तर्गत कोई सड़क, बिजली भी उपलब्ध नही है,कई परिवारो को वनाधिकार पट्टा भी नही मिला है, किसान धान का फसल सरकारी मंडी मे बेच नही पा रहे है।ग्रामीण ने यह भी मांग किया कि गंगलेर का बालक आश्रम वर्तमान में मराईगुड़ा में संचालित हो रहा है, बालक आश्रम को गंगलेर मे ही वापस लाने की मांग किया गया, ग्रामीण ने कहा कि आश्रम बनाने के लिए भूमि भी सुरक्षित रखा गया है फिर भी नही लाया जा रहा है, इस क्षेत्र के बच्चे कई वर्षो से पढ़ाई से वंचित हो रहे है। गांव मे आश्रम संचालित होगा तो अधिक से अधिक बच्चे पढ़ सकेंगे इसलिए गांव मे आश्रम जरूरी बताया गया।गोलापल्ली तथा किस्टाराम समिति के अन्तर्गत फड़ो में काम करने वाले मजदूरो का मजदूरी अब तक नही मिला है । फड़मुशी से लेकर ऊल्टाई - पल्टाई का कार्य किये लोगो का पैसा अब तक नही मिला है मामला गंभीर है। इस अवसर ग्रामीण उईका शंकर, सुन्नाम नागेश, उर्रा कुंजाम, पायम पुल्ला, चलपत्री कुंजाम, देवा, हिड़मा मड़कम सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### जनजातीय कल्याण पर आधारित योजनाओं की समीक्षा करने राष्ट्रीय अजजा आयोग के अध्यक्ष ने ली बैठक

**कांकेर, 22 नवम्बर ।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली के अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य (केन्द्रीय मंत्री दर्जा प्राप्त) की अध्यक्षता में जिले में अनुसूचित जनजातियों के कल्याण एवं विकास के लिए क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा करने जिला स्तर के अधिकारियां की बैठक ली गई, जिसमें जिले में अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों एवं लोगों तक योजनाओं की पहुंच की जानकारी ली। उन्होंने एजेण्डावार एवं योजनावार विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेकर समीक्षा की।जिला पंचायत के सभाकक्ष में बुधवार 20 नवम्बर की शाम को आयोजित बैठक में राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष श्री आर्य ने कहा कि अनुसूचित जनजाति से संबंधित अथवा उनको प्रभावित करने वाली सभी नीतियों के संबंध में आयोग समीक्षा करता है तथा जनजातीय कल्याण के सभी पहलुओं का परीक्षण करता है। उन्होंने कांकेर जिले में निवासरत अनुसूचित जनजातियों के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत करते हुए केन्द्र शासन की हितग्राहीमूलक महत्वांकांक्षी योजनाओं का क्रियान्वयन गंभीरता एवं सतर्कता के साथ करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए।

# धान खरीदी ऑनलाइन टोकन व्यवस्था से किसानों को राहत



**सुकमा, 22 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी पर्व की शुरुआत के साथ किसानों में उत्साह का माहौल है। धान खरीदी की प्रक्रिया को सुचारू और समयबद्ध बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से आनलाईन टोकन व्यवस्था की भी की गई है। इस प्रणाली से किसानों का समय बच रहा है और व्यवस्था अधिक पारदर्शी हुई है।ऑनलाइन टोकन से बढ़ी सुविधा-नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा सुकमा श्री गौरव शर्मा ने बताया कि 14 नवंबर से 31 जनवरी 2025 तक पंजीकृत किसानों से धान खरीदी की जाएगी। उन्होंने कहा कि धान विक्रय के लिए किसानों को एक सप्ताह पूर्व ही ऑनलाइन टोकन तुंहर हाथ एप का उपयोग कर या उपार्जन केंद्रों में जाकर टोकन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन टोकन प्रणाली के माध्यम से किसान अब अपने समय का बेहतर प्रबंधन कर रहे हैं। टोकन मिलने से पहले ही धान विक्रय की प्रक्रिया की तैयारी कर पाने से किसानों को सुविधा हो रही है।

# नदी पार कर छत्तीसगढ़ दाखिल हो रहे नक्सलियों से जवानों की मुठभेड़



**सुकमा, 22 नवंबर तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा पुलिस नक्सली मुठभेड़, नदी पार कर छत्तीसगढ़ दाखिल हो रहे नक्सलियों से जवानों की मुठभेड़ उड़ीसा पुलिस के जवानों से हुई तड़के सुबह मुठभेड़ उड़ीसा से छत्तीसगढ़ की ओर नदी पार कर नक्सलियों के आने की मिली थी सुचना छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के एर्राबोर की सीमा पर उड़ीसा में हूई मुठभेड़ मुठभेड़ में उड़ीसा पुलिस का एक जवान हुआ घायल सुकमा की सीमा से सटे उड़ीसा के मल्कानगिरी जिले का मामला मल्कानगिरी जिले के जिनेलगुड़ा गांव के पास शबरी नदी का मामला एक नक्सली ढेर एक नक्सली को जवानों ने किया गिरफ्तार सुकमा से ओड़िसा जा रहे थे नक्सली 30 की सँख्या में थे नक्सली मलकानगिरी संदीप पाटिल ने की पुष्टि.।

# सक्रिय नक्सली ने किया आत्मसमर्पण,217 वाहिनी सीआरपीएफ आसूचना शाखा कार्मिकों की रही विशेष भूमिका

**सुकमा, 22 नवंबर तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति'' एवं ''नियद नेल्ला नार'' योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव से किया गया आत्मसमर्पण। उक्त नक्सली को आत्मससमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में 217 वाहिनी सीआरपीएफ आसूचना शाखा कार्मिकों की रही है विशेष भूमिका। जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति'' एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''नियद नेल्ला नार'' योजना से प्रभावित होकर तथा अति-संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव व नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय 1 नक्सली सदस्य मड़कम सुक्का पिता स्व. बुस्का (मेहता आरपीसी मिलिशिया सदस्य) उम्र 31 वर्ष जाति मुरिया निवासी दुरमा थाना कोंटा जिला सुकमा (छ0ग0) के द्वारा नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा मे जुड़ने के उद्देश्य से आज दिनांक 21.11.2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला सुकमा में श्री विरेन्द्र कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी 217 वाहिनी सीआरपीएफ एवं निरीक्षक रोशन सिंह राजपूत, प्रभारी नक्सल सेल जिला सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। उक्त नक्सली को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में 217 वाहिनी सीआरपीएफ आसूचना शाखा कार्मिकों की रही विशेष भूमिका। उक्त आत्मसमर्पित नक्सली को ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति'' के तहत् सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदान किया जाएगा।



### अवैध रूप से दुकानों में पेट्रोल भंडारण

**दंतेवाड़ा, 22 नवंबर ।** खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आज विकासखण्ड दन्तेवाड़ा के विभिन्न संस्थानों में खाद्य निरीक्षक प्रमोद कुमार सोनवानी, खाद्य निरीक्षक धीरेन्द्र कश्यप तथा खाद्य निरीक्षक श्रीमती प्रीति ठाकुर के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्यालय के मेसर्स दशमती किराना स्टोर्स में 3 ली. पेट्रोल, मेसर्स जीतू किराना स्टोर्स में 1.5 ली. पेट्रोल, मेसर्स श्री ओम साई सैलून में 3 ली. पेट्रोल, मेसर्स देवांगन किराना स्टोर्स में 4.5 ली. पेट्रोल, मेसर्स जमुना फूट एण्ड डेली निड्स में 6 ली. पेट्रोल तथा मेसर्स सीताराम पान पैलेस में 6 ली. पेट्रोल, अवैध रूप से विक्रय के उद्देश्य से रखा पाया गया।

# जिले के छिन्दगढ़ ब्लॉक के वेंगपाल, ऐलेंगनार, कुमाकोलेग के आस-पास मंडरा रही हैं बड़ी कम्पनियां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 22 नवंबर।** ग्रामीणो के व्दारा पूछताछ करने पर जानकारी सही नही दे रहे थे बाद में कागजात देखे तो को युनाइटेड एक्सप्लोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नामक संस्था व्दारा सर्वे कर रहा है, चोरी चुपके से हो रहा है अनुसूचित क्षेत्र मे बड़ी कम्पनियों को लीज देने के लिए सर्वे कीतैयारी में है , बड़ी सवाल है कि यह पुरा बस्तर संभाग पांचवी अनुसूची व पेसा कानून प्रभावित क्षेत्र है, यह सर्वे किसके अनुमति से सर्वे किया जा रहा है, कौन अनुमति दिया दिया है, क्या इसका जानकारी जिला प्रशासन को संज्ञान मे है?उक्त पत्र को अवलोकन अवश्य अवलोकन करे मामला क्या है?बताया जा रहा है कि वेंगपाल,ऐेंलेगनार, कुमाकोलेग के आस -पास लिथियम, नाईओबियम, टैंटलम, टाईटेनियम, आरईई खनिज का सर्वेक्षण किया जा रहा है,मामला क्या है हम सब सर्व आदिवासी समाज के तरफ से जानकारी लेना चाहिए, प्रशासन से भी जानकारी लेना चाहिए।

## अवैध प्राइवेट प्रैक्टिस पर प्रशासन की कार्रवाई, दवा और जाँच मशीनें सील

**भोपालपटनम,22 नवंबर।** मद्देड के सांगमपल्ली गांव मे अवैध क्लिनिक पर प्रशासन नें कार्यवाही करते हुए दवा, जाँच कि मशीनों को सील किया हैं।सूचना के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी यशवंत नाग, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. चलपति राव एवं मद्देड थाना प्रभारी के साथ छापमारी कार्यवाही कर सामान जप्त किया गया हैं। संगमपल्ली में कटला वेंकटेश्वर के द्वारा यह अवैध क्लिनिक संचालन किया जा रहा था उसके पास मेडिकल एवं प्राइवेट प्रेक्टिस संचालन के लिए आवश्यक दस्तावेज नही थे नर्सिंग होम एक्ट परमिशन भी क्लिनिक संचालक के पास नहीं मिला फिर भी वह गांव के एक किराए के कमरे मे बड़ी मात्रा मे दवाइयो का भण्डारण कर अपना अवैध क्लिनिक चला रहा था। उसके पर से कई एमरजेंसी दवाइयों के साथ पूरा मेडिकल सेटअप और खून जाँच कि मशीने, बीपी जाँच कि मशीन व अन्य कई उपकारणों के साथ निडर होकर यह क्लिनिक संचालन किया जा रहा था



# सुदूर इलाकों में बिछा सड़कों का संजाल ग्रामीणों का जीवन हुआ खुशहाल



**दंतेवाड़ा, 22 नवंबर ।** गांव हो या शहर, विकास के पैमाने में सड़क, रोड, पुल-पुलिया,जैसे अधोसंरचनाएं को देख कर ही तय किया जाता है। वर्तमान में राज्य शासन द्वारा इन सभी क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे की मजबूती पर विशेष जोर दिया जा रहा है जहां इसकी तुरन्त जरूरत हो। दंतेवाड़ा जिले में भी कई ऐसे गांव थे जो अब तक पक्की सड़कों से महरूम रहे है। केवल कच्चे पहुंच मार्ग एवं पगडंडियां से ही ऐसे ग्रामों तक पहुंचा जा सकता था। जाहिर तौर पर ऐसे अलग-थलग ग्रामों में बसे ग्रामीणों की दैनिन्दिनी कठिनाइयों से भरी तो होगी ही फिर चाहे वह हाट बाजार आना-जाना हो या फिर बच्चों को स्कूल पैदल चल कर आना। मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए पैदल चलने के सिवा कोई चारा ही नहीं था। जिले में ऐसे संवेदनशील ग्रामों में कुपेर, झिरका,कोरीरास, किडरीरास, मोलसनार, उदेला, परचेली, मारजूम, जैसे गांव पहुंच मार्ग विहीन गांव सूची में शामिल थे। वर्तमान में इन गांवों को मुख्य मार्गो से जोड़ा गया है। जिससे यहां के रहवासियों के जीवन की कठिनाइयां कम हुई है।छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के माध्यम से वर्तमान में पीएमजीएसवाई योजना अंतर्गत माह अप्रैल 2024 से अक्टूबर 2024 तक पीएमजीएसवाय-1 के तीन सड़के जिसकी लम्बाई 13.95 एवं रिनीवल संधारण की एक सड़क जिसकी लंबाई 9 किलोमीटर है पूर्ण कर ली गई है। इससे कुल मिलाकर उपरोक्त सभी बसाहटें लाभान्वित हो रही है। इसके तहत कुपेर से झिरका पैकेज क्र. सीजी 03-152, कोरीरास, किडरीरास कि.मी-2 से छोटे बेड़मा पैकेज क्र. सीजी 03-156, मोलसनार से उदेला पैकेज क्र. सीजी 03-206 परचेली से मारजूम पैकेज क्र. सीजी-03 एम11 है। अगर सड़क निर्माण की पूर्व की समस्या का ज़िक्र करें तो इस क्षेत्र में कामगारो का अभाव था जिससे सड़क निर्माण में दिक्कत आई इसके अलावा संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण इन बसाहटों में पहुंच पाना आसान भी नहीं था। फिर भी प्रशासन के सहयोग, विभागीय अधिकारी कर्मचारी के प्रयासों एवं एजेंसी एवं ग्रामीणों के सहयोग से यह सभी कार्य सफलतापूर्वक सम्पादित हो पाए। बहरहाल सड़क निर्माण कार्य से ग्रामीणों को मुख्य मार्गों से जुड़ाव के साथ-साथ स्कूल, स्वास्थ्य, एवं हाट बाजार जैसी बुनियादी सुविधाएं प्राप्त करने में आसानी हुई कुल मिलाकर आवागमन सुचारू एवं बारहमासी होने से ग्रामीणों में हर्षित और उत्साहित हैं। यह कहना जरूरी होगा कि स्थानीय ग्रामीणों के लिए पक्की सड़के बनाकर यहां तरक्की के रास्तों को सुनिश्चित किया गया है।

## एक नजर

### रूड़केला में अलसी फसल के लिए आदान सामग्री वितरित



**रायगढ़, 22 नवम्बर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अतंर्गत जिले में तिलहन फसल का क्षेत्रफल, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के लिये ग्राम-रूडूकेला, वि.ख.-लैलूंगा अलसी फसल किस्म-आरएलसी-148 की 50 एकड़ क्षेत्रफल में समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन लिया गया है। चूंकि जिले में अलसी फसल का क्षेत्रफल दिनों दिन कम होते जा रहा है जिससे विलुप्त होने के कगार पर है। जिसको ध्यान में रखते हुये किसानों को प्रोत्साहित कर इस वर्ष अलसी फसल का क्षेत्रफल, उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु मुख्य अथिति जनपद सदस्य श्री सुकदेव सिदार के द्वारा किसानों को अलसी बीज एवं अन्य आदान सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. के.के. पैकरा, वैज्ञानिक (सस्य विज्ञान) द्वारा अलसी फसल के उन्नत उत्पादन तकनीक एवं फसल विविधिकरण के बारे में विस्तार से बताया गया। जिससे कृषकों के आय में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम अंत में श्री लोभन सारथी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के द्वारा विभागीय योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में ग्राम-रूडूकेला के कृषक एवं कृषक महिलाओं का सहभागिता रही।

### प्राथमिक शाला मल्दा में मनाया गया विश्व बाल दिवस



**रायगढ़, 22 नवम्बर।** विश्व बाल दिवस की स्थापना सर्व प्रथम 1954 मे सार्वभौमिक बाल दिवस के रूप में की गयी थी और यह प्रत्येक वर्ष 20 नवम्बर को अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देने विश्व भर में बच्चों के बीच जागरूकता लाने तथा बच्चों के कल्याण में सुधार लाने के लिये मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व बाल दिवस की थीम 'हर बच्चे के लिये हर अधिकार' पर केन्द्रित था। कार्यक्रम में बच्चों के मौलिक अधिकारों के बारे मे जानकारी प्रेषित किया गया। जिसमें शिक्षा, भोजन, आवास, स्वच्छता और हानिकारक काम से सुरक्षा का अधिकार शामिल है।

शा.प्रा.शाला मल्दा संकुल केन्द्र बड़ेहरदी विकास खण्ड-पुसौर में शाला प्रबंध समिति व ग्राम मल्दा के गणमान्य नागरिकों, माताओं की गरिमामयी उपस्थिति मे पूरे हर्षोल्लास के साथ विश्व बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान छोटे बच्चों द्वारा कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, बोरा दौड़, लोटा दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चे उत्साह पूर्वक भाग लिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री त्रिनाथ चौहान ने की, इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संकुल समन्वयक श्री शांतनु पंडा, पंचपारा संकुल के समन्वयक श्री श्रवण कुमार साव, प्राथमिक शाला मल्दा के प्रधान पाठक श्रीमती सुरंजलि खड़िया, सहायक शिक्षकगण श्री शेषदेव पंडा, श्री हेमंत कुमार चौहान, श्री सुधीर कुमार पंडा, श्री अनिल कुमार देवता उक्त कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उपस्थित शिक्षकों ने बच्चों को खुब पढ़ने व आगे बढ़ने की बात कहते हुए अपना आशीर्वाद दिए।

### तालाब के पानी में डूबने से हुई नवजात हाथी की मृत्यु

**रायगढ़, 22 नवम्बर।** वन मंडलाधिकारी, धरमजयगढ़, वनमंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 नवम्बर 2024 को समय लगभग 6 बजे वन परिक्षेत्र छाल अंतर्गत हाटी परिसर के कर्मचारियों एवं हाथी ट्रैकरों के द्वारा प्रतिदिन की भांति आज भी हाथी ट्रैकिंग कार्य किया जा रहा था उसी दौरान हाटी परिसर के कक्ष क्रमांक 554 पी.एफ.हाथीमुड़ा (स्थानीय नाम) स्थान पर विभाग द्वारा निर्मित तालाब के पानी के अंदर एक नवजात हाथी मृत अवस्था में पाया गया। मृत नवजात हाथी की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दिया गया एवं मौके में पहुंचकर तालाब के अंदर पानी में मृत पाये गये नवजात हाथी को बाहर निकाला गया। पशु चिकित्सा अधिकारियों को शव परीक्षण करने हेतु सूचना दिया गया। वनमंडलाधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ की उपस्थिति में जिला पशु चिकित्सा अधिकारियों की टीम के द्वारा मृत नवजात हाथी का शव परीक्षण किया गया। शव परीक्षण पश्चात आवश्यक अंगों का सेम्पल लिया गया। मौका स्थल का जांच, परिस्थिति एवं जिला स्तरीय गठित पशु चिकित्सा अधिकारियों के टीम द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार नवजात हाथी की मृत्यु तालाब के पानी में डुबने के कारण हुई है। तत्पश्चात मौके पर उपस्थित उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में विधिवत् गड्?ढा खोदकर कफन-दफन किया गया। घटना स्थल के आस पास 100 मीटर एवं 500 मीटर की त्रिज्या में सघन गस्ती कर जांच किया गया किसी प्रकार का शिकार संबंधी साक्ष्य नहीं मिले हैं। वनरक्षक हाटी के द्वारा पी.ओ.आर.क्रमांक जारी कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही जारी है। वर्तमान में घटना स्थल के आस पास 51 हाथियों का दल विचरण कर रहे है। जिसका वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा लगातार इस दल का निगरानी किया जा रहा है एवं लोगों को हाथी उपस्थिति की जानकारी अलग-अलग माध्यमों से दी जा रही है ।

### 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़, 22 नवम्बर।** तहसील घरघोड़ा के ग्राम-चिलकागुड़ा निवासी पार्वती राठिया की 2 जून 2024 को सर्पदंश के कारण असामयिक मृत्यु हो गई। प्राकृतिक आपदा सर्पदंश से असामयिक मृत्यु होने के फलस्वरूप विपत्तिग्रस्त व्यक्ति को वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा के अग्रलिखित प्रकरण का परीक्षण पश्चात पात्रतानुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के यथा संशोधित प्रावधान के तहत मृतिका के पति दिलीप राठिया को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# सेंट जेवियर्स स्कूल के म्यूजिक बैंड ने छत्तीसगढ़ राज्य का किया प्रतिनिधित्व



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 22 नवंबर। सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बालक बालिका दोनो वर्ग ने म्युजिक बैंड मे छत्तीसगढ राज्य का प्रतिनिधित्व किया है। स्कूल मे शिक्षा के साथ-साथ बच्चो का समग्र विकास एवं समग्र शिक्षा भी दी जाती है। पिछ्ले दिनो कर्नाटक के दवांगिरी(बैंगलोर) मे जोनल स्तरीय अंतर्राज्य विद्यालय म्युजिक बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था,जिसमे आठ राज्य से बच्चो ने प्रतियोगिता मे भाग लिया था,इस कडी मे यहा के सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल के दोनो वर्ग से बच्चे प्रतियोगिता मे भाग लिये थे। दरअसल सेंट जेवियर्स स्कूल बच्चो के सर्वांगीण विकास,गुणवत्तायुक्त शिक्षा एवं उनके चहुमुखी विकास के लिए समय-समय पर प्रतियोगी आयोजन मे भाग लेते आये है। सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बच्चो ने इस बार भी बैंगलोर की इस प्रतियोगिता मे छ.ग. का नाम रौशन किया। स्कूल के उपप्राचार्य फा.सिलास टोप्पो,शिक्षक नारायण बुरूवा एवं शिक्षिका श्रीमति सुनिता खलखो की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन मे बालक एवं बालिका ग्रुप से 66 विद्यार्थी प्रतियोगिता मे शामिल हुए। जोनल स्तरीय अंतर राज्य विद्यालय म्यूजिक बैंड प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल पत्थलगांव के म्यूजिक बैंड बालक एवं बालिका ग्रुप ने अपने अन्य सात प्रतिद्वंदियों को मात देकर बालक ग्रुप पहला स्थान एवं बालिका ग्रुप द्वितीय स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी अपने नाम की साथ ही विजेता वर्ग को मेडल पहनाकर सम्मानित भी किया गया,इस विजय से स्कूल के बच्चो ने स्कूल के साथ-साथ माता-पिता,स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका पत्थलगांव शहर एवं जिला के साथ छत्तीसगढ का भी नाम रौशन करते हुये गौरव बढाया है। स्कूल प्राचार्य फा.सुनील खलखो ने बच्चो के मार्गदर्शन मे कहा कि कर दिखाओ कुछ ऐसा कि दुनिया करना चाहे तुम्हारे जैसा,उनका कहना था कि सपना जितना बडा होगा कामयाबी भी उतनी ही बडी मिलेगी। उन्होने परिश्रम से लक्ष्य प्राप्ती की बात कही। उन्होने कहा कि यह सफलता स्कूल के गौरव इतिहास की एक अद्वितीय कड़ी एवं विद्यालयीन अनुशासन की अतुल्य पहचान है।।

# रेडक्रॉस रायगढ़ की जिला प्रबंध समिति का हुआ गठन,18 लोगों ने शपथ ली




**रायगढ़, 22 नवम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला रेडक्रॉस प्रबंध समिति के सदस्यों की बैठक में नवनिर्वाचित 18 सदस्यों को शपथ दिलाई। इस दौरान 18 सदस्यों में से चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, कोषाध्यक्ष, राज्य प्रबंधन समिति हेतु प्रतिनिधि निर्वाचित किए जाने नाम प्रस्ताव आमंत्रित किए गए।

जिसमें सदस्यों को उपरोक्तानुसार पदों पर चयन हेतु प्रस्तावक समर्थकों द्वारा नाम सुझाए गए। तत्पश्चात जिसमें डिप्टी कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी श्री महेश शर्मा द्वारा सर्व सहमति से चेयरमेन श्री मुकेश शर्मा, वाइस चेयरमैन श्री संतोष कुमार टिबरेवाल, कोषाध्यक्ष श्री रामनिवास मोडा, राज्य प्रबंध समिति के प्रतिनिधि श्री संतोष अग्रवाल को निर्वाचित घोषित किया गया। बैठक में चर्चा के निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रबंध समिति हेतु विभागीय पदेन सदस्य के लिए पुलिस अधीक्षक, रायगढ़, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़, वन मण्डलाधिकारी, रायगढ़, वन मण्डलाधिकारी, धरमजयगढ़, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़, अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) रायगढ़, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक, किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़, आयुक्त, नगर पालिक निगम रायगढ़, कार्यपालन अभियंता, लोकनिर्माण विभाग रायगढ़, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायगढ़, उप संचालक, समाज कल्याण रायगढ़, उप संचालक, खनिज विभाग रायगढ़, क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण संरक्षण मण्डल रायगढ़, सहायक आयुक्त आबकारी विभाग रायगढ़, जिला शिक्षा, अधिकारी रायगढ़, महाप्रबंधक, उद्योग एवं व्यापार केन्द्र रायगढ़, कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास रायगढ़, प्राचार्य, जिला अग्रणी किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़, जिला अग्रणी बैंक, रायगढ़ द्वारा प्रस्ताव रखा गया। जिसको सामान्य सभा की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सहमति दी गई।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहे हैं। इसी प्रकार रेडक्रॉस सोसाइटी के जन औषधि केन्द्र बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनऔषधि के पंजीकृत कराने हेतु प्रशासन द्वारा सहयोग किया जाएगा ताकि जन सामान्य को सस्ती दवाइयां उपलब्ध हो सके। इस दौरान उन्होंने रेडक्रॉस की गतिविधियों को बढ़ाने की भी निर्देश दिए जिससे अधिकाधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी, श्री संतोष अग्रवाल श्री मुकेश शर्मा, डॉ.हबेल सिंह उरांव, डॉ.भानु प्रताप पटेल, डॉ.मुकुंद अग्रवाल, श्री राम निवास मोडा, श्री अनिल कुमार अग्रवाल, प्रो. अंबिका वर्मा, श्री दिनेश कुमार अग्रवाल, श्री प्रेम नारायण मौर्य, श्री गोपी सिंह ठाकुर, डॉ.सिद्धार्थ सिन्हा, श्री शिव कुमार शर्मा, श्री विरेंद्र कुमार सिंह, श्री संजीव चौहान, श्री विजय अग्रवाल, श्री दीपक डोरा सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### हेल्थ स्क्रीनिंग से बीपी एवं डायबिटिज के मरीज हो रहे लाभान्वित

**रायगढ़, 22 नवम्बर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय गैर संचारी रोग (एन.सी.डी ) कार्यक्रम के तहत हेल्थ स्क्रीनिंग किया गया, जिसमें हाइपर टेंशन (बी.पी.) के 1 लाख 44 हजार 828 तथा डायबिटिज के 1 लाख 47 हजार 302 मरीज पाए गए है जिनका हर महीने री-स्क्रीनिंग किया जाता है एवं दवाईयां उपलब्ध करायी जाती है। यह सुविधा जिले में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के द्वारा निःशुल्क सेवा प्रदान किया जाता है एवं आमजनों को जागरूक करने हेतु स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों (ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, मितानिनों, आशा ) के द्वारा बी.पी. एवं मधुमेह हेतु लगातार स्वास्थ्य शिक्षा जिसमें योगा, व्यायाम, पौष्टिक आहार, सामान्य दिनचर्या को विशेष ध्यान दिया जाता है जिससे आम जनता में बी.पी एवं मधुमेह जैसे बीमारियों की पहचान एवं नियंत्रण किया जा सकें। भारत सरकार के द्वारा उक्त कार्यक्रम हेतु विशेष दिवस तथा स्वास्थ्य मेला एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का समय-समय पर आयोजन किया जाता है ।

# कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण



**महासमुन्द, 22 नवंबर ।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिला अंतर्गत 182 धान उपार्जन केन्द्रों में से 176 खरीदी केन्द्रो में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन प्रारंभ हो चुका है।जिसके पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण हेतु जिला प्रशासन द्वारा उपार्जन केन्द्र स्तर पर तथा जिला स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है तथा नोडल अधिकारियों द्वारा उन्हें आबंटित धान उपार्जन केन्द्रो की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। बुधवार को कलेक्टर श्री विनय लंगेह द्वारा धान खरीदी केन्द्र सांकरा, गढ़फुलझर, सागरपाली एवं जंगलबेड़ा एवं सीमावर्ती धान उपार्जन केन्द्र हेतु स्थापित अंतर्राज्यीय जांच चौकी बंजारी नाका, सिरपुर नाका एवं राजाडीह नाका तथा सरायपाली संग्रहण केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य एवं राजस्व के अधिकारी मौजूद थे। बंजारी नाका में मंडी कर्मचारी श्री पंकज पटेल अनुपस्थित पाये गये, जिसके संबंध में कलेक्टर द्वारा तहसीलदार सरायपाली को जांच चौकी में ड्यूटी पर लगाये गये समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों के अनिवार्य रूप से उपस्थिति के संबंध में निर्देश दिये गये है। कलेक्टर श्री लंगेह द्वारा जांच चौकी पर वाहनों के आवागमन की गंभीरता से जांच करने एवं पंजी संधारण करने के निर्देश दिये गये है। जंगलबेड़ा धान खरीदी केंद्र के निरीक्षण में उपार्जन केंद्र में 150 बोरे लगभग 60 क्विंटल पुराने धान गिरधारी लाल ग्राम राजाडीह के द्वारा उपार्जन केन्द्र में विक्रय हेतु लाया गया था। जिसे कृषि उपज मंडी सरायपाली द्वारा जप्त किया गया है। धान खरीदी केंद्र में शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी का कार्य में लापरवाही बरतने के कारण धान खरीदी प्रभारी श्री भोजराज प्रधान को धान खरीदी कार्य से तत्काल हटाने के निर्देश उपायुक्त सहकारी संस्थाएँ महासमुंद को दिये गये है।

# रायगढ़ जनपद के विभिन्न ग्रामों में मनाया गया आवास दिवस



**रायगढ़, 22 नवम्बर।** आवास दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत रायगढ़ के ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के प्रारंभ होने के स्मृति में 20 नवम्बर को आवास दिवस मनाया गया। वर्ष 2024 प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योकि अगले 5 वर्षों में 2 करोड़ अतिरिक्त घरों के निर्माण की अनुमति के साथ भारत सरकार द्वारा योजना का विस्तार किया गया है। इस वर्ष आवास दिवस या आवास सप्ताह 24 नवम्बर 2024 तक उत्साहपूर्वक मनाने की योजना बनाई गई है।रायगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम जुर्डा, पतरापाली पूर्व, बघनपुर, नावापारा, बरलिया, सकरबोगा, सपनई, जोरापाली, काशीचुंवा, उच्चभिटठी, अड़बहाल, गेरवानी, छुहीपाली, बायंग, गेजामुडा, भातपुर में आवास दिवस के अवसर पर भूमिपूजन का आयोजन कर अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ कराया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत में जन चौपाल आयोजित कर हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों को प्रारंभ कर 90 दिवस के भीतर पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया।

#### पीएम आवास ग्रामीण अंतर्गत बनाए गए नोडल अधिकारी

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास पूर्ण करने के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। नोडल अधिकारी प्रतिदिन हितग्राही से मिलकर उन्हे आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित कर रहे है साथ ही योजना अंतर्गत स्वीकृत राशि, मनरेगा मजदूरी भुगतान के संबंध में जानकारी दे रहे है।

#### हितग्राहियों ने व्यक्त की खुशी, शासन का किया आभार व्यक्त

आवास दिवस के अवसर पर जुर्डा निवासी देवनाथ ने बताया कि मुझे शासन द्वारा पीएम आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत हुआ है। पूर्व में मेरा आवास पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब आवास बन से वो सारी समस्याएं दूर हो जाएगी। उन्होंने आवास स्वीकृत होने पर खुशी जाहिर करते हुए शासन का आभार व्यक्त किया।

# शराबी सहायक शिक्षक निलंबित, दूसरे शिक्षक के निलंबन की अनुशंसा की

**रायगढ़, 22 नवम्बर।** कलेक्टर जनदर्शन में गत दिवस शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राम भगत निषाद, हाई स्कूल कांशीचुवा के द्वारा माध्यमिक शाला कांशीचुवा में पदस्थ भास्कर भूषण सिदार, शिक्षक एलबी एवं प्राथमिक शाला कांशीचुवा में पदस्थ हेमसुन्दर सिदार, सहायक शिक्षक एलबी के विरुद्ध अध्यापन कार्य सही ढंग से नहीं कराए जाने एवं नशे की हालत में विद्यालय आने, विद्यालय में ही नशे की हालत में सो जाने, बिना अनुमति विद्यालय छोड़ने, विद्यालयीन कार्यों में सहयोग नहीं करने, विद्यालय नियमों के विपरीत हरकत करने, बच्चों एवं सहकर्मियों से अनर्गल बातें करने, ग्राम वासियों एवं शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा शिक्षक के द्वारा दुर्व्यवहार करने जैसी विभिन्न शिकायत कलेक्टर जन दर्शन में प्राप्त हुए थे।कलेक्टर के द्वारा जनदर्शन में प्राप्त आवेदन के अनुक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी को कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। निर्देश उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यता की जांच कर पश्चात हेमंत सुंदर सिदार, सहायक शिक्षक एलबी, शासकीय प्राथमिक शाला कांशीचुवा, विकासखंड रायगढ़ को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायगढ़ नियत किया गया है। साथ ही दूसरे शिक्षक भारत भूषण सिदार, शिक्षक एलबी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला काशीचुवा, विकासखंड रायगढ़ चूंकि वे शिक्षक पद पर पदस्थ हैं और इन्हें निलंबन का अधिकार संयुक्त संचालक, शिक्षा को होता है, इसलिए इनके ऊपर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु प्रस्ताव संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर को प्रेषित की गई है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिलों की स्कूलों में कसावट लाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वेंकट राव ने सभी प्राचार्यो, प्रधान पाठकों, व्याख्याताओं, शिक्षकों, सहायक शिक्षकों, कार्यालयीन लिपिक, भृत्यों को नियत समय पर स्कूल में उपस्थित होने और सही तरीके से अध्यापन कार्य करने को कहा है अन्यथा आगे भी इसी तरह की कार्यवाही की जाएगी।

## उसकापटनम में मनाया गया हर-घर जल उत्सव




**बीजापुर, 22 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय से लगभग 65-70 किलोमीटर दूरी पर ग्राम उसकापटनम स्थित है यह ग्राम विकासखण्ड भैरमगढ़ से 20-25 किलोमीटर दूरी पर लगा हुआ है। ग्राम में 42 परिवार निवासरत है यहाँ के लोगों को 12 हैण्डपंपों के माध्यम से पेयजल की पूर्ति होती रही है। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत सोलर आधारित सिंगल विलेज योजना के माध्यम से 3 सोलर स्थापित कर 3328 मीटर पाईप लाईन के माध्यम से ग्राम में निवासरत 121 लोगों को नल कनेक्शन से हर घर में शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। उसकापटनम में ग्रामसभा के माध्यम से सरपंच श्री रैनू वाचम, सचिव श्री बाबूराव फुलसे एवं ग्रामवासियों के सहमति से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं जिला समन्वयक श्री टोपेश्वर साहू द्वारा हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया।

## भैरमगढ़ के ओलंपिक खेल समापन समारोह में विक्रम मंडावी ने बच्चों को पुरस्कृत किया




**बीजापुर, 22 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**जिले के विधायक विक्रम मंडावी ने गुरुवार को भैरमगढ़ मे आयोजित विकास खण्ड स्तरीय ओलंपिक खेल के समापन समारोह मे पहुंच कर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया और आगे बढने प्रेरित करते हुए जिला एंव संभाग स्तर के आयोजन मे भी बेहतर प्रदर्शन करने अपनी शुभकामनाएं. दी इस मौके पर मंडावी ने विजयी खिलाड़ियों को. पुरस्कार. दिये।

### मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत पीलाराम राठिया को मिला दुर्घटना बीमा का लाभ

रायगढ़, 22 नवम्बर। मछली पालन विभाग के महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनांतर्गत मछुआरों का समूह दुर्घटना बीमा के तहत जिले के 7900 मछुआरों का दुर्घटना बीमा मछली पालन विभाग की ओर से किया गया है। योजना के तहत मछुआरों का निःशुल्क दुर्घटना बीमा किया जाता है तथा दुर्घटना के दौरान मृत्यु या स्थाई अपंगता होने पर 2 लाख 50 हजार रुपये एवं दुर्घटना के दौरान अस्पताल से भर्ती होने पर 25 हजार रूपये बीमा कंपनी द्वारा नामिनी/बीमा धारक को प्रदाय किया जाता है। योजना के तहत रायगढ़ जिले के विकासखण्ड-खरसिया के ग्राम चपले के स्व.श्री नेतराम राठिया पिता श्री पीलाराम राठिया का बीमा किया गया था। स्व.श्री नेतराम राठिया शासकीय तालाब को 10 वर्षीय पट्टे पर लेकर मछली पालन का कार्य कर रहा था। जिस कारण उनका दावा प्रकरण तैयार कर बीमा कंपनी को भेजा गया और 5 लाख रूपये नामिनी श्री पीलाराम राठिया को डी.बी.टी. के माध्यम से बैंक खाता में भुगतान किया गया। श्री पीलाराम राठिया द्वारा उक्त कार्य हेतु मछली पालन विभाग एवं बीमा कंपनी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## पीएमएफएमई अंतर्गत मंगाए गए ऑनलाइन आवेदन

**रायगढ़, 22 नवम्बर।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु आवेदन मंगाए गए है। इस योजना में सभी प्रकार के खाद्य सामाग्री जैसे-वनोपज पर आधारित निर्मित उत्पाद, चना-मुर्रा, भुजिया, पेठा, पापड़, आचार, बडी, नमकीन, मिक्चर, बेकरी निर्माण, राईस मिल, कोदो मिल, पोहा मिल, आटा चक्की, मसाला उद्योग इत्यादि को योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाएगा। योजना अंतर्गत व्यक्तिगत नवीन खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना व विस्तार स्व सहायता समूहों द्वारा स्थापना, किसान उत्पादक संगठन द्वारा स्थापना, सामान्य सुविधा केन्द्र, सामान्य उद्भवन केन्द्र स्थापित करने एवं विस्तार हेतु बैकों से ऋण हेतु प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अन्तर्गत आवेदन आमंत्रित किये जाते है। योजनान्तर्गत आवेदक 18 वर्ष से अधिक आयु के उद्यमी एवं इकाई प्रतिबंधित सूची में शामिल न होना चाहिए। इसी तरह आवेदक को पूंजीगत अनुदान अंतर्गत व्यक्तिगत परियोजना-पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रूपये, स्व-सहायता समूह पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रूपये, किसान उत्पादक संघ पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत एवं सामान्य उदभवन केन्द्र पूंजीगतत ऋण पर 35 प्रतिशत अनुदान की पात्रता होगी। योजना में इन्टरेस्ट सबवेन्शन तथा टाप अप कनवर्जेस योजना में ब्याज में छूट प्रदान किया जाता है। आवेदक अपना आवेदन आनलाईन वेबसाईट ढ्ढह्लह्लश्च्-//श्चद्वद्घद्वद्ग.द्वशद्घश्चद्व.द्दश1.द्बठ्ठ से आनलाईन माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। आनलाईन आवेदन के साथ आधारकार्ड, पेनकार्ड, राशन कार्ड एवं बैंक पासबुक भी अपलोड करना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन दिवस एवं समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ में संपर्क कर सकते है एवं दूरभाष क्रमांक 07762-222914/07762-255334 पर भी मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है।

### एकलव्य कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 दिसम्बर तक

**रायगढ़, 22 नवम्बर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु वेबसाईट 222.द्गद्वह्यद्दद्ध14ड्ड.ष्द्ग.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ में ऑनलाईन आवेदन पत्र जमा करने हेतु 11 नवम्बर 2024 से प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिसकी अंतिम तिथि 10 दिसम्बर 2024 तक है। वेबसाईट में ऑनलाईन आवेदन भरे गए फार्म में त्रुटि सुधार की तिथि 19 दिसम्बर 2024 (रात्रि 11.59 बजे तक) निर्धारित है। प्रवेश परीक्षा की तिथि 19 जनवरी 2025 दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक (2 घण्टे) होगी। प्रवेश परीक्षा के फार्म भरने संबंधी विस्तृत निर्देश ऑनलाईन वेबसाईट में दिये गये हैं। निर्देश का भली-भांति अध्ययन कर जिले के समस्त प्राथमिक शाला एवं आश्रम शालाओं के छात्र-छात्राओं को फार्म भरवाना सुनिश्चित करें।

### बागबाहरा अनुभाग में एसडीएम उमेश साहू के नेतृत्व में एक ही दिन में 1590 कट्टा धान की जब्ती

**महासमुन्द, 22 नवंबर ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले में धान के अवैध परिवहन, भंडारण पर सतत कार्यवाही जारी है। आज श्री उमेश कुमार साहू एसडीएम बागबाहरा के नेतृत्व में तीन अलग-अलग स्थानों से एक ही दिन में कुल 1590 कट्टा धान की ज़ब्ती की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि बागबाहरा अनुभाग के तहसील कोमाखान के ग्राम भिलाईदादर में सिन्हा किराना स्टोर्स में 1120 कट्टा अवैध धान प्रशासन ने जब्त किया गया। इस कार्यवाही में मंडी सचिव श्री कुशल राम ध्रुव, मंडी इंस्पेक्टर श्री, हल्का पटवारी श्रीमती पूजा साहू शामिल थे। वहीं इस अभियान में ही अनुभाग बागबाहरा के तहसील कोमाखान में ग्राम टेमरी श्री साहू एसडीएम बागबाहरा श्री उमेश साहू के नेतृत्व में 170 कट्टा अवैध धान जब्ती की कार्यवाही की गई, जिसमें हल्का पटवारी श्री टोप सिंह ध्रुव, श्री नंद कुमार सिदार मंडी उप निरीक्षक उपस्थित रहे। अनुभाग बागबाहरा के तहसील कोमाखान के ग्राम बोईरगांव में हल्का पटवारी श्री क्रांति कुमार यादव द्वारा 300 कट्टा अवैध धान की जब्ती की कार्यवाही की गई। इस प्रकार आज एक ही दिन में कुल 1590 कट्टा धान की ज़ब्ती की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# कई स्पर्धाओं में महिलाओं ने उत्साह से लिया भाग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 22 नवम्बर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम छुरा में आयोजित की गई। प्रतियोगिता की शुरुआत खो-खो से हुई। यह प्रतियोगिता दो वर्ग 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग में आयोजित हुआ। जिला स्तरीय मुकाबला 22 नवंबर को गरियाबंद में आयोजित किया गया।

खो-खो, बैडमिंटन, 100 मीटर दौड़, 400 मी दौड़, तवा फेंक, व्हालीबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी, कुश्ती में खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह नगर पंचायत पार्षद मीना चंद्राकर, रजनी लहरे के आतिथ्य में संपन्न हुआ। नोडल अधिकारी रेवेंद्र दीक्षित ने स्वागत प्रतिवेदन वाचन करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल बहुत ही आवश्यक है। न केवल स्वस्थ रहने के लिए वरन अपनी नया आयाम स्थापित करने में मिल का पत्थर साबित होगा। पार्षद मीना चंद्राकर ने खेल और युवा कल्याण विभाग के इस महती आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को घर से निकल कर खेल के मैदान में अपने हुनर दिखाने का अवसर प्रदान किया। मातृशक्ति ने अपने खेल कौशल से साबित किया है कि समय आने पर महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने को तत्पर है। पार्षद रजनी लहरे ने कहा कि ऐसा कोई कार्य नहीं है जो हम महिलाएं नहीं कर सकती। आज महिलाएं समाज को नई दिशा और दशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे छुरा नगर की बेटियों ने खेल प्रतिभा की बदौलत राष्ट्रीय पटल पर अपना नाम सुनहरे अक्षरों पर रेखांकित किया है। प्रथम, द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता संपन्न कराने में विशेष सहयोग हेतु व्यायाम शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह भेंट की गई। सफल संचालन शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ शिक्षक टंकेश्वर मरकाम ने किया।



व्यायाम शिक्षक डोमेश्वर ध्रुव, संजीत कुमार निषाद, पंकज कुमार साहू, पूरन लाल साहू, राजू साहू, रामप्रसाद साहू, वसीम कुरेशी, युनुस परवेज़ खान, भूपेंद्र कुमार ध्रुव, राजेश्वरी ठाकुर, चंद्रिका साहू ने आयोजन की सफलता में महती भूमिका निभाई।

# आत्महत्या के लिए प्रताड़ित करने वाला गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 22 नवम्बर।** बलौदाबाजार जिला कसडोल थाना के अंतर्गत ग्राम कटगी में परिचित एक युवती के साथ फोन में लगातार बात करने एवं उसके अन्यत्र विवाह करने पर उसे बर्बाद करने की धमकी देकर उसे आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के एक मामले में कसडोल पुलिस द्वारा आरोपी विजय दास मानिकपुरी उम्र 24 साल निवासी महामाया पारा ग्राम कटगी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस संबंध में राजेश देवांगन 34 वर्ष निवासी ग्राम कटगी द्वारा 25 जून 2024 को थाना कसडोल में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसकी 22 वर्षी चचेरी बहन निवासी कटगी ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। रिपोर्ट पर थाना कसडोल में मर्ग जांच पंजीबद्ध कर कार्रवाई में लिया गया। जांच के दौरान मृतिका के जान- पहचान वालों एवं उसके रिश्तेदारों से पूछताछ कर कथन लिया गया जिससे पता चला कि मृतका की पहचान आरोपी विजय दास मानिकपुरी से थी जो कि मृतका से मोबाइल के माध्यम से लगातार बातचीत करता था। आरोपी विजय दास द्वारा मृतिका को किसी दूसरे से शादी करने पर उसकी जिंदगी बर्बाद करने की बात कह कर लगातार उसे प्रताड़ित किया जाता रहा। धमकी से त्रस्त युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, जांच रिपोर्ट पर थाना कसडोल में आरोपी के विरुद्ध धारा 306 भारतीय दंड विधान पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध कबूल कर लिया है। आरोपी को 20 नवंबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर

### सरिता बघेल बनी केंद्रीय महिला अध्यक्ष



**तिल्दा-नेवरा, 22 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केन्द्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल को छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज ने बधाई दी है अनुराधा वर्मा नंदनी खिचारिया कौशल वर्मा प्रिया सिरमौर देवकी बाघमार रुंधा वर्मा सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है। तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए कहा कि समाज में मातृत्व शक्ति के विकास के लिए कार्य करेगी साथ ही उन्होंने कहा कि समाज के लोगो के प्रति धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हुए बघेल ने कहा कि वे सदैव सेवा और समाज सेवा में अग्रणी रहेगी।

### नवनियुक्त सहकारी समिति अध्यक्षों ने मंत्री से मिलकर जताया आभार



**तिल्दा-नेवरा, 22 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी सुहेला मंडल के अंतर्गत आने वाले सहकारी समिति अध्यक्षों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया मंत्री प्रतिनिधि एवम भाजयुमो अध्यक्ष करन वर्मा के नेतृत्व में छ ग शासन के केबिनेट मंत्री एवम क्षेत्रीय विधायक टंक राम वर्मा से मिलकर अपनी नियुक्ति पर आभार जताया इस अवसर पर मंत्री ने सभी नव नियुक्त अध्यक्षों का माला पहनाकर स्वागत किया और बधाई दी तथा किसानों को धान भेजने में कोई दिक्कत न हो इसका ख्याल रखने को कहा इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री हेमंत बघमार दौलत पाल मानेश्वरी साहू अध्यक्ष गण प्यारे लाल बघमार कुलेश्वर वर्मा भरत लाल साहू ढेल सिंग वर्मा खम्हन बघमार गिरिजा शंकर वर्मा हरिशंकर वर्मा झाला राम वर्मा टेकराम निषाद रमेश वर्मा चोवा राम साहू मोहन छत्रपाल वर्मा टुकेंद्र वर्मा संदीप वर्मा संतोष वर्मा साधराम नवरंगे सुनील वर्मा भागीरथी साहू लखेश्वर साहू भुनेश्वर साहू उपस्थित रहे।



**तिल्दा-नेवरा, 22 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम साँकरा में साहू समाज का भवन का लोकार्पण किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट टंकराम वर्मा उपपस्थित थे उन्होंने ग्रामीणों को बधाई दी।

# एनएच के अधिग्रहित भूमि के मुआवजे के लिए 12 साल भटक रहे हैं किसान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 22 नवम्बर।** राष्ट्रीय राज्य मार्ग रायपुर बिलासपुर के मध्य सिमगा के समीप ट्र्क रेस्ट एरिया निर्माण हेतु 12 वर्ष पूर्व शासन द्वारा सिमगा के कृषक अनुज, राजकुमार, एवं अशोक सोनकर से ढ़ाई एकड़ भूमि अधिग्रहण किया गया था। कृषक की कुछ भूमि में राष्ट्रीय राज्य मार्ग द्वारा निर्माण भी किया गया। जिस भूमि में ट्रिनरक रेस्ट एरिया का निर्माण किया गया है उसका राष्ट्रीय राज्य मार्ग की ओर से कृषि भूमि के मापदंड के अनुसार कृषक को मुआवजा राशि प्रदान की गई। जबकि उक्त भूमि का डायवर्सन हो चुका था फिर भी डायवर्टेड भूमि के दर पर कृषक को 12 वर्ष बाद भी मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुआ है। पीड़ित कृषकों ने बताया कि यह भूमि हम तीनों भाइयों का आजीविका का एक मात्र साधन है। हमने 12 वर्ष पूर्व कमिश्नर ऑफिस रायपुर में आवेदन दिया था कि हमें हमारी भूमि का उचित मुआवजा राशि प्रदान किया जाए लेकिन आज पर्यंत तक डायवर्सन के अनुसार मुआवजा राशि के लिए वे भटक रहे हैं। राष्ट्रीय राज्य मार्ग के सब इंजीनियर एवं अन्य अधिकारी एवं ठेकेदार कृषक की फसल लगी भूमि पर जेसीबी मशीन चलवाकर भूमि को लेबल करने लगे तब कृषक अनुज एवं उनके भाईयों ने मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय राज्य मार्ग के सब इंजीनियर आशुतोष पुसाल्वर, ठेकेदार नित्यानंद सिंह एवं सिमगा तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा से निवेदन कर ढेड़ माह का समय मांगा गया ताकि उनके फसल की कटाई हो सके। जिसे अधिकारियों ने मान लिया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राज्य मार्ग निर्माण में सैकड़ों किसानों की भूमि अधिग्रहण किया गया था लेकिन मुआवजा राशि वितरण में बड़ी धांधली किया गया था। जिसका जीता जागता प्रमाण है कि एक ही मार्ग में स्थित भूमि का अलग अलग मुआवजा राशि वितरण किया गया। किसी किसान को लाखों रुपए एवं किसी किसानों को करोड़ों रुपए का मुआवजा राशि प्रदान किया गया। जो समझ से परे है। अनेकों किसानों को इतने वर्षो बाद भी उचित मुआवजा राशि नहीं मिला जो आज भी कमिश्नर आफिस के चक्कर लगा रहे है।

# शिवसैनिकों ने क्षेत्रीय मुद्दों पर धरना देकर सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 22 नवम्बर।** ब्लाक के विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर शिवसेना ब्लाक ईकाई ने नगर के जयस्तंभ चौक में धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। आयोजित धरने को सभी पदाधिकारियों ने संबोधित किया जिलाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद ने बताया कि क्षेत्र में लगातार उद्योग स्थापित रहे हैं लेकिन उनका मूलभूत विकास में कोई योगदान नहीं है। श्रमिकों को कलेक्टर दर पर मेहनताना नही दिया जा रहा हैं, शत प्रतिशत रोजगार स्थानीयो को उपलब्ध कराया जाय, शहर में पिछले चार साल से वाटर फिल्टर स्थापित है बावजूद नगरवासी साफ पानी से वंचित हैं। क्षेत्र में अवैध कारोबारियों पर नकेल कसा जाए, तिगुना चौगुना बिजली दर बढ़ा रहे हैं जिसे कम किया जाए, गौशाला के संचालन हेतु जमीन उपलब्ध कराई जाए सहित विभिन्न मांगों को लेकर धरना पश्चात बाइक रैली एसडीएम कार्यालय पहुंचकर



ज्ञापन सौंपा गया। धरने पर मुख्य रूप से प्रदेश प्रचार सचिव संतोष कौशल, जिलाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद निषाद, ग्रामीण कृष्ण कुमार यादव, प्रवक्ता शिवा निषाद, कार्य. सदस्य दिलीप चतुरे, कामगार सेना जिलाध्यक्ष योगेश्वर वैष्णव, भाटापारा विधानसभा महासचिव रामविलास साहू, सचिव आत्माराम नेताम, किसान सेना जिला उपाध्यक्ष राजु मानिकपुरी, शहर अध्यक्ष वैभव चौबे, उपाध्यक्ष तुलसीराम गायकवाड़, भाटापारा ब्लाक अध्यक्ष टिकाराम पाल, रुप नारायण वैष्णव, नान्हेराम घृतलहरे, मुकेश वैष्णव, कृपालु निर्मलकर, दिनेश यादव, हेमू, गजेन्द्र तुरकाने, चैनदास, नैनदास, रामबिहारी, कौशल यादव, बिरेंद्र घृतलहरे, रुपेंद्र ध्रुव, गगन गुप्ता, पवन मांझी, योगेश्वर साहू, करन देवांगन, श्रषभ दुबे, मुकेश निषाद आदि शिव सैनिक उपस्थित थे।

# प्लेसमेंट कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

■ सफाई, पानी, बिजली आदि प्रमुख सुविधाएं होंगी बाधित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 22 नवम्बर।** नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की समर्थन में गरियाबंद जिला के समस्त प्लेसमेंट कर्मचारी 22 नवम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है। महासंघ की प्रमुख मांग नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को शासन के अन्य विभाग (जल संसाधन विभाग, पी डब्लू, डी, पी एच ई, वन विभाग आदि) के दर्ज पर निकायों से सीधे वेतन भुगतान किया जाये एवं ठेका प्रथा बन्द किया जाये। तथा निकाय में 5, 10, 15 वर्षों से अधिक कार्यरत कर्मचारियों को निकाय के रिक्त पदों में समायोजित किया जाये। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से नगर में सफाई, बिजली, पानी, आदि की व्यवस्था प्रभावित होगी।, हड़ताल में नगर पंचायत के धनेश्वर नाग, नामेशसाहू, कमलेश सिन्हा, दीपक साहू, परमेश्वर सिन्हा, मनोज दुबे, रजत ध्रुव एवं समस्त सफाई कर्मचारी शामिल हैं।

### दीपावली मिलन समारोह में साहू समाज के लोगों ने बधाई दी

**भखारा, 22 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तहसील साहू समाज कुरुद के द्वारा रविवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित साहू समाज जिलाध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह त्योहार भाईचारा एवं खुशियां लेकर आता है यह पर्व घरों की सफाई कर मनाया जाता है यादव भाइयों के द्वारा गोवर्धन पूजा की जाती है साहू समाज एक आदर्श समाज है जो सबको एक साथ लेकर चलते हैं और एक दूसरे के दुख सुख में काम आते हैं समाज की एकता बनाये रखने के लिए तरह-तरह के सामाजिक समरस्ता की ओर बढ़ रहा है। तहसील अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने कहा कि यह पर्व खुशियों लेकर आते है जिसमें भाईचारा एक दूसरे को गले मिलकर बधाई देते है यह त्योहार अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते है। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष गणेश राम साहू, तहसील अध्यक्ष राधेश्याम साहू, सचिव लिखन साहू, निरंजन साहू, गायत्री साहू, रामेश्वर साहू, हेमराज साहू, केजू राम साहू, तुलेंद्र साहू, गोकुल साहू, सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### लवन नपं के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 63 लाख रुपए की मिली स्वीकृति

**बलौदाबाजार, 22 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नगरीय निकायों के विकास कार्यों में तेजी लाई जा रही इसी तारतम्य में नगर पंचायत लवन के विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 63 लाख 93 हजार के कार्य स्वीकृति मिली हैं। जिसमें वार्ड क्र.1 में पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य (मैकूलाल साहू घर से सुनाराम साहू से सनत साहू घर तक, डॉ. शत्रुधन साहू के घर से रोहित साहू घर तक)10 लाख 32 हजार रूपये, वार्ड क्र.3 में मरदा मोड़ सना अंसारी से विनोद अनंत के घर तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य के लिए 7 लाख 73 हजार रूपये, वार्ड क्र. 04 में मेनरोड कृष्णा स्वीट्स से श्यामा सोलर एनर्जी तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य के लिए 2 लाख 73 हजार रूपये, वार्ड क 04 में तहसील चौक से पानी टंकी तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य 9 लाख 44 हजार रूपये, वार्ड क्र 07 संतु यादव के घर से ढेलू साहू के घर तक पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य के लिए 3 लाख 44 हजार रूपये, कार्य शामिल है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202411092100001
अ/2 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रामकिशोर पिता नीर सिंह, उम्र 34 वर्ष, जाति-कुर्मी, निवासी ग्राम-मुडपार, तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदक के स्वामित्व व आधिपत्य में ग्राम मुरमुन्दा रा.नि.मं. डोंगरगढ़ डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में ख. नं. 341/1 रकबा 0.405 हे. कृषि भूमि स्थित है। आवेदक उपरोक्त ख. नं. ख. नं. 341/1 रकबा 0. 405 हे. कृषि भूमि को अपने लॉज एवं रेस्टोरेंट व्यवसायिक प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तीत करवाना चाहता है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि खसरा नंबर 341/1 रकबा 0.405 हे. भूमि को लॉज एवं रेस्टोरेंट व्यवसायिक प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 25/11/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा**

(फोन/फैक्स नं.-07856-252362 ई-मेल- eedan-phe-cg@nic.in)

**ऑनलाईन निविदा निरस्तीकरण सूचना**

जी क्रमांक-242503714/3

इस कार्यालय द्वारा नीचे दर्शित कॉलम अनुसार निम्नलिखित ऑनलाईन निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता हैं। विवरण निम्नानुसार है।

| स.क्र. | निविदा सिस्टम क्रमांक |
|---|---|
| 1 | system no.160985 |

जी क्रमांक-242503714/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
दंतेवाड़ा

जी-242503928/3


### कमिश्नर ने किया धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण, किसानों से मिलकर व्यवस्था का लिया जायजा

# तय मानक से न हो अधिक आर्द्रता, सूखत के नाम से ना हो किसानों से अधिक धान की खरीदी : महादेव कावरे

■ जिले में अब तक 30 हजार 875 मी.टन हुई धान की खरीदी, 7 हजार से अधिक किसानों ने बेचे अपने धान, 54 करोड़ का हुआ भुगतान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 नवम्बर।** रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे प्रदेश व्यापी धान खरीदी के तहत गुरुवार को जिले के सिमगा स्थित धान उपार्जन केंद्र पहुंचे।उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने पहुंचे किसानों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कावरे ने निरीक्षण के दौरान स्टॉक पंजी, बारदाना रजिस्टर, टोकन रजिस्टर की बारिकी से जांच की। इसके साथ ही ढेरी में लगाए हुए धान को पॉस मशीन के जरिये आर्द्रता को मापा गया। जांच के दौरान धान की गुणवत्ता सही पाया गया।



इस दौरान कलेक्टर को कही कही किसानों से सूखत के नाम से किसानों से अधिक धान खरीदी एवं निर्धारित तय सीमा में नमी धान की शिकायतों को बड़ी गंभीरता से लिए है उन्होने सभी अधिकारियों एवं प्रबंधको को दू टूक कहा कि किसी भी स्थिती में किसानों से सूखत के नाम से अधिक धान की तोलाई ना करे ना ही तय सीमा से अधिक नमी वाले धान की खरीदी की जाएं इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान कमिश्नर ने धान खरीदी केंद्र प्रभारी से कहा कि किसान कड़ी मेहनत कर धान उत्पादन करता है। किसान की मेहनत का वाजिब दाम मिले और उनके काम का सम्मान हो, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केंद्र में छाया व बैठक व्यवस्था अनिवार्य रूप से बनाए रखें। उन्होंने कहा कि एक दिन में जितने किसानों से धान की खरीदी हो सके, उतने ही किसानों को धान खरीदी केंद्र में बुलाया जाए।

### अब तक हुई धान की खरीदी

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले में 7 हजार 521 किसानों से 30 हजार 875 में.टन धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसके तहत 18 हजार 369 में.टन मोटा, 405 मे.टन पतला, 12 हजार 131 मे..टन सरना शामिल है। जिसके एवज में लगभग 6 हजार 730 किसानों को 54 करोड़ 68 लाख 89 हजार रूपये का भुगतान आंनलाईन माध्यम से आज दिनांक तक किया जा चुका है। गौरतलब है कि जिले में 1 लाख 67 हजार 787 किसान पंजीकृत है। जिसके तहत इस वर्ष 9 लाख 62 हजार 910 में.टन खरीदी अनुमानित है।


**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निआसू क्रमांक 11, 12, 13, 14, 15, 16/वलेलि/2024-25 — जगदलपुर, दिनांक 20/11/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (रुपये) | निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 4 | 4 | |
| 01 | 161263 | बस्तर जिले के विकासखण्ड बास्तानार के गंजोपारा एनीकट कम काजवे का निर्माण कार्य सह सोलर पंप एवं विद्युत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 211.64 लाख | 1.50 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 02 | 161334 | बस्तर जिले के विकासखण्ड बास्तानार के साडरा एनीकट का निर्माण कार्य सह सोलर पंप एवं विद्युत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 284.45 लाख | 1.50 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 03 | 161335 | बस्तर जिले के विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा के बड़ेधाराउर स्टापडेम का निर्माण कार्य सह सोलर पंप एवं विद्युत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 283.88 लाख | 1.50 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 04 | 161336 | बस्तर जिले के विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा के आंजर स्टापडेम कम काजवे का निर्माण कार्य सह सोलर पंप एवं विद्युत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 291.33 लाख | 1.50 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 05 | 161337 | बस्तर जिले के विकासखण्ड बास्तानार के मूतनपाल स्टापडेम कम काजवे का निर्माण कार्य सह सोलर पंप एवं विद्युत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 277.55 लाख | 1.50 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 06 | 161338 | बस्तर जिले के विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा के मगर पखना मिचनार स्टापडेम का निर्माण कार्य सह सोलर पंप एवं विद्युत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 280.69 लाख | 1.50 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |

1. बिड प्रारंभ की तिथि - 27.11.2024 17.31 Hours
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 11.12.2024 17.30 Hours

रिमार्कः- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 27.11.2024 समय 17.31 बजे से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियन्ता
टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग, जगदलपुर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी-242503970/6

## एक नजर

### रायपुर में होगा आध्यात्मिक ज्ञान का अनूठा संगम 'अमृत वर्षा'

**रायपुर, 22 नवम्बर।** ऋषि चैतन्य ट्रस्ट द्वारा अमृत वर्षा कार्यक्रम का आयोजन रायपुर में होने जा रहा है। यह कार्यक्रम 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, ग्रेट ईस्टर्न रोड, साइंस कॉलेज के पास, आमानाका, रायपुर में आयोजित होगा। प्रतिदिन शाम 5 बजे से 7 बजे तक चलने वाले इस आयोजन में आध्यात्मिक ज्ञान और आत्मचिंतन के अनमोल मार्गदर्शन का अवसर मिलेगा। अमृत वर्षा का मुख्य उद्देश्य आत्मिक शांति, जीवन में ध्यान और संतुलन का महत्व समझाना है। इस आयोजन में परम पूज्या आनंदमूर्ति गुरुमाँ के प्रवचन होंगे, जो जीवन की गूढ़ समस्याओं का समाधान और आत्मज्ञान का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

### तालाब में मिली युवक की लाश

**रायपुर, 22 नवम्बर।** पुरानी बस्ती इलाके में नाले में दो रोज पहले अधेड़ की लाश मिलने के बाद आज एक युवक की लाश कचना तालाब में तैरती मिली है. हालांकि, अभी तक युवक की पहचान नहीं हो पाई है. मिली जानकारी के अनुसार, आज सुबह खम्हारडीह थाना क्षेत्र के कचना तालाब में एक युवक की लाश आस-पास के लोगों ने देखी, जिसकी सूचना तत्काल उन्होंने पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है. फिलहाल, युवक की पहचान नहीं हो पाई है. युवक के पास से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है. ये मामला हत्या है या आत्महत्या पुलिस इसकी जांच के जुट गई है. खम्हारडीह थाना प्रभारी ने बताया कि अर्धनग्न अवस्था में लाश कचना तालाब में पाई गई है. ऐसा प्रतीत हो रहा है कि युवक नहाने गया था. बॉडी को तालाब के बाहर निकाल लिया गया है. शिनाख्त की जा रही है. जांच करने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है.

### प्रेस क्लब में लर्निंग लाइसेंस शिविर 23 व 24 नवम्बर को

**रायपुर, 22 नवम्बर।** रायपुर प्रेस क्लब द्वारा 23 एवं 24 नवंबर को दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक लर्निंग लाइसेंस एवं लाइसेंस संबंधित अन्य निराकरण हेतु शिविर का आयोजन किया गया है। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ. वैभव शिव पाण्डेय ने सभी सदस्यों से परिवार सहित इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# कांग्रेस और भाजपा ने किया अपनी-अपनी जीत का दावा

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 22 नवम्बर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की जीत को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने अपना-अपना दावा किया है। 23 नवम्बर को होने वाली मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूर्ण हो गई है। आज कांग्रेस एवं भाजपा ने अपने-अपने कार्यालय में मतगणना कर्मियों को अंतिम प्रशिक्षण दिया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज में 23 नवम्बर को प्रातः 8 बजे से मतों की गणना शुरू हो जाएगी। 16 टेबल में 19 चक्रों में यह गणना होगी। कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने अपनी जीत का दावा किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष सहित कांग्रेस के बड़े नेता पूरी मतगणना पर नजर रखेंगे। मतों के प्रतिशत को देखते हुए उन्होंने जीत का दावा किया है। आकाश शर्मा के अनुसार उनके साथियों द्वारा की गई मेहनत का परिणाम सामने आएगा।

**अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश निषेधः** सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज








में सिर्फ पासधारियों को प्रवेश दिया जाएगा। सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। डाक मत पत्र की गणना के पश्चात सामान्य गणना शुरू हो जाएगी। प्रत्येक टेबल में काउंटिंग सुपरवाइजर के साथ ही एक माइक्रोआब्जर्वर रहेगा। अंतिम परिणाम के लिए एक डाटा कलेक्शन सेंटर भी बनाया गया है।

गणना के लिए लोक निर्माण, सिंचाई विभाग के इंजीनियरों की भी सेवाएं ली जाएगी। दोपहर 12 बजे से जीत का रुझान मिलना शुरू हो जाएगा। जो भी प्रत्याशी पहले चक्र में जो ज्यादा लीड लेगा उसकी ही जीत के आसार ज्यादा होंगे।

### भाजपा की जीत सुनिश्चित : शर्मा

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के पर्यवेक्षक शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाजपा की नीतियों एवं विष्णुदेव सरकार की कल्याणकारी नीतियों का लाभ भाजपा प्रत्याशी को मिलेगा। भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी ने भी जीत का दावा किया है। आज भाजपा के तत्पर कार्यालय में मतगणना में शामिल लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके पश्चात भोजन का कार्यक्रम है। भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी शाम तक रायपुर पहुंच जाएंगे। भाजपा के नेताओं को कम मतदान होने की चिंता सता रही है। ज्ञात रहे इस वर्ष 23 के मुकाबले में 50 प्रतिशत कम मतदान हुआ है। गोलाबाजार, सत्तीबाजार, सुंदरनगर, सिविल लाईन, कुशालपुर तथा टिकरापारा में वोट का प्रतिशत कम होने के कारण अब सभी नेता मंथन कर रहे हैं।

# दीक्षा महोत्सव में सम्मिलित हुए राज्यपाल

**रायपुर, 22 नवम्बर।** राज्यपाल रमेन डेका गत दिवस रायपुर के जैन दादाबाड़ी में आयोजित पंच दिवसीय दीक्षा महोत्सव में विशेष रूप से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने वहां स्थित मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और उपस्थित तपस्वी जैन मुनियों से प्रदेश की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया।




इस अवसर पर राज्यपाल ने 12 कठिन व्रतों के साथ आत्मशुद्धि की क्रिया को मुमुक्षुओं द्वारा मानवता के लिए की जा रही कठोर तपस्या बताते हुए उनके त्याग और समर्पण को नमन किया। महोत्सव में रायपुर (उत्तर) विधायक पुरंदर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जैन समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

## ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा का नारा जुमला साबित हुआ : महंत

**रायपुर, 22 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने उद्योगपति गौतम अदाणी पर अमेरिका में अरबों डॉलर की धोखाधड़ी और रिश्वत के आरोप पर केंद्र की भाजपा मोदी सरकार से जवाब मांगा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, तथ्य बताते है, अपने ही देश भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा ठेका लेने के लिए भारत में अधिकारियों को 250 मिलियन डॉलर रिश्वत देने पर सहमति जताई थी, रिश्वत का पैसा जुटाने के लिए अदाणी ने अमेरिकी और विदेशी निवेशकों और बैंकों से झूठ बोला। गौतम अदाणी समेत आठ लोगों पर आरोप लगा है। प्रधानमंत्री



ने एक नारा दिया एक है तो सेफहै इंडिया में अदानी और मोदी एक है तो सेफहै, क्योंकि, प्रधानमंत्री मोदी अदानी के पीछे खड़े है, माधवी बुच जो उनकी प्रोटेक्टर है जिन्होंने कोई इन्वेस्टिगेशन नही किया है और क्लींन चिट दे दी जिसकी सच्चाई आज देश जान चूका है। ऐसा ही सच इस प्रकरण मे कांग्रेस पार्टी एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के नेतृत्व मे सड़क से लेकर सदन तक लड़ते रहेगे हम सभी राहुल के साथ है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि 2200 करोड़ से अधिक के इस सबसे बड़े स्कैम में दोषियों पर जल्द से जल्द कार्यवाही की जानी चाहिए।

### वेदांता एल्यूमिनियम ने गेल गैस लिमिटेड से करार किया

**रायपुर, 22 नवम्बर।** भारत के सबसे बड़े एल्यूमिनियम उत्पादक, वेदांता एल्यूमिनियम ने औद्योगिक उत्पादन को अधिक सस्टेनेबल बनाने का बड़ा कदम रखते हुए गेल (इंडिया) लिमिटेड की सब्सिडियरी गेल गैस लिमिटेड से गैस बिक्री करार (जीएसए) किया है। करार के अनुसार वेदांता के झारसुगड़ा स्मेल्टर - दुनिया के सबसे बड़े एल्यूमिनियम प्लांट को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति की जाएगी। प्राकृतिक गैस अपनाए जाने का काम 2025 के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। इससे कार्बन फुटप्रिंट काफी कम होगा, जिससे सालाना 47, 292 टन सीओ2 समतुल्य (टीसीओ2ई) उत्सर्जन कम होने का अनुमान है। वेदांता 2050 तक नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कम्पनी नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग बढ़ाने और व्यापक वृक्षारोपण कर कार्बन सिंक बनाने की दोहरी रणनीति पर काम कर रही है।

# रबी में धान पर प्रतिबंध के मामले में सरकार स्थिति स्पष्ट करे : बैज

**रायपुर, 22 नवम्बर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने रबी सीजन में धान



की खेती पर भाजपा सरकार के द्वारा प्रतिबंध लगाने का विरोध करते हुये कहा है कि मुख्यमंत्री कहते है रबी में धान की फसल पर प्रतिबंध नहीं है। कलेक्टर गांव-गांव में मुनादी कर किसानों को रबी फसल में धान लेने पर कार्यवाही की धमकी दे रहे, सरकार स्थिति स्पष्ट करे। मुख्यमंत्री की तथा सरकार की बिना जानकारी के गांवों में मुनादी कैसे करवाई जा रही है सरकार स्थिति स्पष्ट करे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि धान और किसान छत्तीसगढ़ की पहचान है, अभिमान है, छत्तीसगढ़ की समृद्धि का आधार है लेकिन भारतीय जनता पार्टी की किसान विरोधी सरकार रबी फसल में धान बोने वाले किसानों को हतोत्साहित कर रही है। धमतरी, राजनांदगांव और रायपुर जिले के कलेक्टरों के द्वारा कोटवारों के माध्यम से गांव-गांव में मुनादी करा कर धान की फसल नहीं लेने के लिए किसानों को धमकाया जा रहा है। भाजपा सरकार के इशारे पर अधिकारी मौखिक आदेश देकर अघोषित तौर रबी सीज़न में धान के किसानों पर 50, 000 रुपए प्रति एकड़ का भारी भरकम जुर्माना लगाने की धमकी गांव-गांव में किसानों को दी जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि खेत और मौसम के अनुकूल फसल का चयन करना किसानों का अधिकार है, रबी सीज़न में धान के किसानों को धमकाना अनुचित है, छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ अन्याय है। अक्टूबर से दिसंबर के मध्य में रबी फसलों की बुवाई होती है।

## भूपेश बघेल पर भाजपा के आरोप झूठे : कांग्रेस

**रायपुर, 22 नवम्बर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ भाजपा के आरोपों को प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा की हताशा बताया है। क्रिप्टोकरेंसी और बिटकॉइन मामले में भाजपा प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर लगाये गये आरोप भाजपा की खीझ और भूपेश बघेल से भाजपा के डर को प्रदर्शित करता है। भाजपा नेता ने बिना किसी तथ्य के झूठे मनगढ़त और अर्नगल आरोप लगाकर पूर्व मुख्यमंत्री की छवी खराब करने का काम किया है। बिटकाईन मामले में गौरव मेहता से कभी मिलना तो दूर भूपेश बघेल उसे जानते तक नहीं है। निश्चित तौर पर भूपेश बघेल अपनी छवी खराब करने के लिये भाजपा नेता के खिलाफकानूनी नोटिस देने जा रहे है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय के वरिष्ठ नेता है किसी पूर्वाग्रही के पोस्ट के आधार पर उनपर स्तरहीन आरोप लगाना भाजपा की बचकाना हरकत है। मुद्दाविहीन भाजपा कुछ लोगो को उपकृत करके तथा उनसे गलत बयान दिलवाकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के खिलाफ दुष्प्रचार कर के उनकी छवी खराब करने का सपना देख रही है तो वह मुगालते में है।

### शिक्षकों के लिए चेंजमेकर लीडरशिप बूट कैंप

**रायपुर, 22 नवम्बर।** कनेक्टिंग ड्रीम्स फाउंडेशन (सीडीएफ) ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और अशोका - इनोवेटर्स फॉर द पब्लिक के सहयोग से 15-17 नवंबर 2024 को जनमित्रम एसपीएस मेमोरियल स्कूल, घरघोड़ा में रायगढ़ जिले के घरघोड़ा और तमनार ब्लॉक के शिक्षकों के लिए चेंजमेकर लीडरशिप बूट कैंप का सफल आयोजन किया। इस 3-दिवसीय कैंप में 91 स्कूलों के 152 शिक्षकों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य शिक्षकों को सशक्त बनाना और उन्हें ऐसे उपकरण प्रदान करना था, जो उनके कक्षाओं और समुदायों में स्थायी और सकारात्मक बदलाव लाने में मदद कर सकें।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26